TENNECO

# व्यावसायिक व्यवहार नीति



## Tenneco का रोडमैप

हमारे बुनियादी मूल्य रास्ता दिखाते हैं

# विषय-सूची


## आओ शुरू करें.............................3

## हम कैसे आगे बढ़ते हैं ....................4

हमारा उद्देश्य 4
हमारे बुनियादी मूल् 4
हमारा लोगों का मॉडल 4
हमारी संहिता 5

## दिशा-निर्देशों के लिए कहना ............7

आवाज उठाना 7
प्रतिशोध नहीं 7

## साथ में जीतना ............................8

एक दूसरे का सम्मान करना 9
समावेशी होना 11
सुरक्षा सबसे पहले 13
अन्य पक्षों के साथ काम करना 15

## हमारे निवेश की सुरक्षा..................17

रिकॉर्ड और वित्तीय रिपोर्ट सटीक रखना 18
रिकॉर्ड्स का प्रबंध 20
हमारी संपत्ति की देखभाल 22
गोपनीय सूचना की सुरक्षा करना 24
गोपनीयता की रक्षा 26
सरकार के साथ बातचीत 28
राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना 30

## हमारे उद्योग का मार्गनिर्देशन........31

भ्रष्टाचार से युद्ध् 32
अपराधों से लड़ना 34
उचित प्रतिस्पर्धा 36
हितों के टकराव से बचना 38
उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य का आदान-प्रदान 40
अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय करना 42

## हमारे ग्राहकों और समुदायों का ख्याल रखना ..........................44

सुरक्षित, गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाना 45
ईमानदारी से मार्केटिंग करना 47
जिम्मेदारी के साथ संवाद करना 49
मानव अधिकारों की रक्षा 51
पर्यावरण की रक्षा 53
समुदाय को प्रतिदान (वापस देना) 55

## अपना लाइसेंस प्राप्त करना ...........57

# आइए शुरू करें



## Tenneco टीम:

इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह ऑटोमोटिव उद्योग के लिए एक रोमांचक समय है। केवल तीव्र गति से परिवर्तन ही नहीं हो रहा है, बल्कि प्रतिस्पर्धी परिदृश्य ने हमारे व्यापार करने के तरीके को भी नाटकीय रूप से बदल दिया है।

Tenneco में, हम अपने पारंपरिक और पूर्वानुमेय तरीकों की सोच को, मार्गदर्शक के रूप में अपने बुनियादी मूल्यों - उग्र स्पष्टवादिता, सरलीकरण, सांगठनिक वेग, दृढ़ता से निष्पादन और जीत पर निर्मित एक अपरंपरागत मानसिकता से बदल रहे हैं। अगर हम बदलाव की मानसिकता को अपनाना जारी रख कर अपने बुनियादी मूल्यों पर कायम रहे, तो ऑटोमोटिव उद्योग में दुनिया का सबसे भरोसेमंद साझेदार और सर्वश्रेष्ठ निर्माता बनने का मार्ग एक वास्तविकता बन जाएगा।

हमने एक उच्च मानक निर्धारित किया है, लेकिन हम जो करना चाहते हैं उसे पूरा करने की लिए मुझे हमारी सामूहिक क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। हालाँकि, हमारे लिए यह याद रखना महत्वपूर्ण है और मायने रखता है कि हम यह सफलता कैसे प्राप्त करते हैं और यह सब ईमानदारी से शुरू और और उसी पर समाप्त होता है - यह हमारे सभी कार्यों की नींव है। हमें हमेशा सही काम, सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए और अपने व्यवसाय पर लागू सभी कानूनों, विनियमों और नीतियों का पालन करना चाहिए।

आपको एक ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है जहां सही काम करना स्पष्ट न हो, इसीलिए हमारी एक आचार संहिता है। यह महत्वपूर्ण सिद्धांतों के एक सेट के साथ हमारा मार्गदर्शन करती है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम अपना काम और व्यवहार इस तरह से करें जिससे हमें अपने ग्राहकों, भागीदारों और एक-दूसरे का भरोसा और विश्वास अर्जित करने में मदद मिले। यह ऐसा उपकरण है जो प्रश्नों या चिंताओं से संबंधित दिशानिर्देशों और उदाहरणों के साथ आपको कठिन परिस्थितियों में भी ठोस निर्णय लेने का अधिकार देता है।

सफलता के लिए प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की ज़रूरत होती है। कृपया हमारी आचार संहिता से परिचित हो जाएं और बार-बार इसका संदर्भ लेकर अपना दायित्व निभाएं।

धन्यवाद

Jim Voss

*मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)*



# आइए शुरू करें



टेनेको इंडिया में, हमारा आचार संहिता सिर्फ एक नीति दस्तावेज नहीं है—यह दिखाती है कि हम कौन हैं, हम किसके लिए खड़े हैं, और हम हर दिन कैसे फैसले लेते हैं। ईमानदारी का मतलब है हर काम में सचाई, निष्पक्षता और मजबूत नैतिक सिद्धांतों के साथ काम करना। जब हम लगातार सही चुनते हैं, भले ही मुश्किल फैसलों का सामना करना पड़े, हम अपने सहकर्मियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों और उन समुदायों के साथ भरोसा बनाते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। भरोसा समय के साथ, एक-एक फैसला करके बनता है, और यह एक मजबूत और टिकाऊ नैतिक संस्कृति की नींव तैयार करता है।

हमारा आचार संहिता हमें चुनौतियों का सामना करने, अपने मूल्यों को बनाए रखने, और यह सुनिश्चित करने में मार्गदर्शन देती है कि हम बिज़नेस सही तरीके से करें। यह नैतिक फैसले लेने, कानूनों और नियमों का पालन करने, दूसरों का सम्मान करने, कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा करने, और जब कुछ सही न लगे तो आवाज़ उठाने के लिए एक व्यावहारिक ढांचा प्रदान करती है। ऐसी परिस्थितियाँ हो सकती हैं जहाँ आसान विकल्प सही विकल्प नहीं होता। ऐसे समय में, मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि रुक कर खुद से पूछें: क्या यह हमारे मूल्यों के अनुरूप है? अगर यह निर्णय मेरे सहकर्मियों, ग्राहकों, या परिवार को पता चले तो क्या मैं सहज रहूँगा? अगर जवाब स्पष्ट नहीं है, तो मार्गदर्शन लें और अपनी बात रखें। ईमानदारी में समझौते की कोई जगह नहीं है—हमेशा सही विकल्प चुनें।

एक मजबूत नैतिकता और अनुपालन की संस्कृति केवल नीतियों से नहीं बनती। यह हर कर्मचारी, हर नेता और हर टीम सदस्य द्वारा उनके रोज़ाना के कार्यों और फैसलों से बनती है। हम सभी को मिलकर उस मानक को बनाए रखने की जिम्मेदारी है जो टेनेको को एक भरोसेमंद संगठन और काम करने के लिए एक शानदार जगह बनाता है।

हमारे मूल्यों के प्रति और हमारे आचार संहिता को हर दिन अपनाने के लिए आपकी लगातार प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।

अरविंद चंद्र
मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)
टेनेको क्लीन एयर इंडिया लिमिटेड



# हम कैसे आगे बढ़ते हैं

हमारे लोग ही हमें संचालित करने वाली शक्ति हैं। हम हर दिन काम पर लाते हैं:

- **सर्वश्रेष्ठ बनने का जुनून**
- **विवरणों पर अनुशासित ध्यान**
- **एक प्रतिस्पर्धी दृढ़ता**
- **प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प**

# हमारा लोगों का मॉडल

Tenneco का लोगों का मॉडल हमारे बुनियादी मूल्यों पर बनाया गया है। हम एक कंपनी के रूप में कैसा प्रदर्शन करते हैं, यह हमारे व्यक्तिगत प्रदर्शन से जुड़ा है। हमारी संहिता आपको ईमानदारी के साथ हमारे व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए तैयार करने में आपकी मदद करती है।




**Tenneco की शक्ति को उजागर करने के लिए हमारे लोगों की क्षमता को - उजागर करना**

- **सर्वश्रेष्ठ का चयन करें**
  बेहतर परिणाम देने के लिए शीर्ष प्रतिभा
- **सही वातावरण बनाएँ**
  समावेशी, खुला, सहयोगात्मक
- **निर्माण और विकास करें**
  भविष्य केंद्रित क्षमताओं और नेतृत्व का
- **पहचानें और पुरस्कृत करें**
  प्रदर्शन, मूल्य, टीम वर्क को

# हमारा उद्देश्य

ऑटोमोटिव उद्योग में दुनिया का सर्वाधिक भरोसेमंद साझेदार और सर्वश्रेष्ठ निर्माता बनना।

# बुनियादी मूल्य

## मौलिक स्पष्टवादिता

हमें सार्थक बहस का हिस्सा बनना चाहिए और रचनात्मक तनाव बनाना चाहिए। सकारात्मक इरादे के साथ खुले विचार रखें और पूरी तरह ईमानदार रहें। सत्य सद्भाव है।

## आसान बनाना

हमें नौकरशाही को अस्वीकार करना चाहिए, परतों को कम करना चाहिए और अलग थलग हो कर काम नहीं करना चाहिए। अपने विचारों में स्पष्ट रहें, बाधाओं को समाप्त करें, एक योजना बनाएं और कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें।

## संगठनात्मक गति

हमें एक वैश्विक टीम और एक संगठनात्मक संरचना का निर्माण करना चाहिए जो तेज़ी से निर्णय लेने और कार्यों के निष्पादन में तेज़ी लाने के लिए कार्य करेगी।

## दृढ़ निष्पादन

हमें जवाबदेही और स्वामित्व वाली मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए जो हमारी संस्कृति का आधार है, और हमारे द्वारा किए जाने वाले किसी भी कार्य की नींव है।

## जीतना

हमें अपने कर्मचारियों और ग्राहकों का भरोसा और विश्वास जीतना चाहिए।

# हमारी संहिता

## हमारी संहिता बताती है कि हम अपने बुनियादी मूल्यों को व्यवहार में कैसे लाते हैं।

Tenneco में टीम के प्रत्येक सदस्य के पास पेश करने के लिए कुछ खास है। यह एक विशिष्ट कौशल, एक अच्छी तरह से विकसित प्रतिभा, या कार्य को पूरा करवाने की अद्‌वितीय कुशलता, कुछ भी हो सकती है। यद्‌यपि हमारी क्षमताओं में बहुत भिन्नता हो सकती है, फिर भी हम अपने बुनियादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

हमारी संहिता बताती है कि हम में से प्रत्येक इन बुनियादी मूल्यों को व्यवहार में कैसे ला सकता है। आप सड़क के नियमों को जानने, कमजोर या अंजान विषयों को समझने और दूसरों के प्रति कैसे सतर्क रहें इस पर स्पष्टता प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। हम इस तरह से एक दूसरे और कंपनी की रक्षा करते हैं।

ध्यान रखें कि यद्‌यपि आपका मार्गदर्शन करने के लिए संहिता मौजूद है, लेकिन यह Tenneco में काम करते समय आपके सामने आने वाले हर प्रश्न का उत्तर नहीं देगी। कोई भी दस्तावेज ऐसा नहीं कर सकता है। लेकिन यह, जो सही है उसे करने के लिए आपको सिद्धांतों और संसाधनों की ओर ले जाएगी। इसलिए, उचित निर्णय लें और जब आपको सहायता की आवश्यकता हो तब संपर्क करें।

संहिता को समझना आपको हमारी साथ में की जाने वाली यात्रा के लिए तैयार करेगी। यह आपको उसके बारे में सीखने में मदद करेगी जो सबसे ज्यादा मायने रखता है और यह सुनिश्चित करेगी कि आप सही काम करने में हमेशा दृढ़ रहें।

## हमारी संहिता का अनुपालन किसे करना है?

आपको करना है। यह संहिता हमारी कंपनी के हर स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होती है, जिसमें हमारे अधिकारी और निदेशक मंडल और हमारी ओर से काम करने वाले या हमारे साथ व्यवसाय करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और संगठन शामिल हैं।



इस संहिता के अलावा, हमारे सीईओ, सीएफओ और कुछ अन्य व्यक्ति जो लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हैं, उनके लिए हमारे वित्तीय प्रबंधकों के लिए आचार-संहिता का पालन करना आवश्यक है। हमारी सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली सहायक कंपनियों के लिए अन्य स्थानीय आवश्यकताएं भी हो सकती हैं।

## अगर हम अपनी संहिता का पालन नहीं करते हैं तो क्या होगा?

जब हम अपने बुनियादी मूल्यों या हमारी संहिता का पालन नहीं करते हैं, तो हम एक-दूसरे का, हमारे निवेशकों, ग्राहकों और अन्य लोगों का विश्वास खो सकते हैं। यह हमारे ब्रांडों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसीलिए संहिता के उल्लंघन के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे आपका लाइसेंस या नौकरी खोना, आपके प्रदर्शन की समीक्षा प्रभावित होना या जुर्माना और जेल भी हो सकता है। आइये इससे बचने के लिए मिलकर काम करें। केवल हमारा निदेशक मंडल ही हमारी संहिता में बदलाव को मंजूरी दे सकता है या किसी आवश्यकता से छूट दे सकता है।

## हमारी संहिता में क्या शामिल है?

टीम के सदस्यों और अन्य पक्षों के लिए - जिनमें हमारे साथ, हमारे लिए और हमारी ओर से काम करने वाले शामिल हैं - आप जानेंगे कि कैसे:

- हमारी संहिता, हमारी नीतियों और कानून का पालन करें।
- अच्छे निर्णय और व्यावहारिक समझ का उपयोग करें।
- शंका वाले क्षेत्रों और समझ में न आने वाले विषयों का समाधान निकालें।
- जब आप कदाचार देखें या संदेह हो तो आवाज उठाएँ।
- जांच में सहयोग करें।
- यदि आप नहीं जानते कि क्या करना है तो प्रश्न पूछें।

यदि आप एक प्रबंधक हैं, तो आपको उदाहरण भी पेश करना होगा:

- उचित तरीके से और संहिता का समर्थन करने वाले तरीकों से काम करके
- टीम के सदस्य के सवालों के जवाब देने के लिए उपलब्ध होकर
- नए और उन्नत विचारों को साझा करने के लिए अपनी टीम को प्रोत्साहित करके
- अपनी टीम के साथ बुनियादी मूल्यों पर चर्चा करके
- इसकी पुष्टि करके कि आपकी टीम संहिता को समझती है
- टीम के सदस्य के प्रदर्शन का मूल्यांकन उन तरीकों से करके जो यह स्पष्ट करते हैं कि हमारे बुनियादी मूल्य हमारे परिणामों के समान ही महत्वपूर्ण हैं
- संभावित कदाचार और अपनी टीम या अन्य लोगों द्वारा उठाए गए कदाचार की रिपोर्ट को आगे बढ़ाकर
- सद्भावना से किसी मामले की रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध को रोकने के लिए कार्रवाई करके
- जब किसी ने हमारी संहिता का उल्लंघन किया हो तब प्रदर्शन उद्देश्य सहित जोखिम को कम करने और नियंत्रण विकसित करने के लिए कार्रवाई के उपयुक्त क्रमों पर विचार करते हुए
- मानव संसाधन, विधि विभाग या आंतरिक ऑडिट के साथ उपयुक्त रूप में समन्वय करना

## Tenneco GPS

### यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमें सही रास्ता मिले यह हमारे विकल्पों को निर्देशित करता है।

यदि आप खो गए हैं और अपना रास्ता खोजने की कोशिश कर रहे हैं तब सबसे अच्छा तरीका यह है कि, अपने आप से पूछें:

**क्या यह वैध है?**

↓

**क्या यह हमारी संहिता और हमारी नीतियों के अनुरूप है?**

↓

**क्या यह हमारे उद्देश्य और बुनियादी मूल्यों का समर्थन करता है?**

↓

**क्या यह हमारे ग्राहकों, टीम के सदस्यों, शेयरधारकों, समुदायों और हमारे साथ, हमारे लिए और हमारी ओर से काम करने वालों से हमारे वादे के अनुरूप है?**

↓

**यदि मीडिया द्वारा आपके कार्यों की रिपोर्ट की गई तो क्या आप सहज होंगे?**

↓

यदि आप इन सभी सवालों के जवाब "हां" में देते हैं, तो आगे बढ़ना ठीक है। लेकिन अगर आप किसी भी बिंदु पर "नहीं" या "मुझे यकीन नहीं है" का जवाब देते हैं, तो रुकें, आवाज उठाएँ, पूछें और पुनर्विचार करें। याद रखें, हम हमेशा ईमानदारी के साथ काम करते हैं।

ध्यान रखें, यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं तो आपकी सहायता के लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं। आपको अकेले कठिन परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# दिशा-निर्देशों के लिए पूछना

## आवाज उठाना

हमारी संहिता, हमारी नीतियों या कानून के उल्लंघन से Tenneco और हमारी टीम के सदस्यों को नुकसान पहुंच सकता है। यदि आप कभी भी कुछ अनुचित देखें या संदेह हो तो आवाज उठाएँ। यहां तक कि अगर आप अनिश्चित हैं, तब भी आवाज उठाना हमेशा सही काम है।



### कब आवाज उठाना है

यदि आप निम्न का उल्लंघन देखें या इसका संदेह हो:

- हमारे बुनियादी मूल्य या संहिता
- हमारी नीतियां और प्रक्रियायें
- कोई कानून या नियम

### कैसे आवाज उठाएँ

निम्नलिखित से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:

- आपके प्रबंधक
- कोई अन्य प्रबंधक जिस पर आपको भरोसा है
- मानव संसाधन
- विधि विभाग
- वित्त
- वैश्विक अनुपालन

इसके अलावा, Tenneco हॉटलाइन फोन और ऑनलाइन पर सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध है। टोल-फ्री नंबर हमारी वेबसाइट पर मौजूद हैं।

Tenneco हॉटलाइन को किए जाने वाले कॉल और रिपोर्ट एक बाहरी कंपनी द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं। ज्यादातर देशों में, आपके पास गुमनाम रहने का विकल्प है। जिन देशों में कानून इसकी अनुमति नहीं देता है, वहां हॉटलाइन प्रतिनिधि आपको बताएंगे। यदि आप बोलने के लिए इन संसाधनों का उपयोग करते हैं, तो आपको एक रिपोर्ट नंबर प्राप्त होगा ताकि आप अपनी रिपोर्ट की स्थिति की जांच कर सकें या अतिरिक्त जानकारी प्रदान कर सकें।

ध्यान रखें कि हॉटलाइन के माध्यम से रिपोर्ट किए गए सभी मुद्दों को मुख्य आचारण और अनुपालन अधिकारी को भेजा जाएगा और आपकी पूछताछ को तुरंत संबोधित किया जाएगा। Tenneco में, संभावित कदाचार की सभी रिपोर्टों को गंभीरता से लिया जाता है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, हम गोपनीय रूप से मामले की जांच करेंगे, यह निर्धारित करेंगे कि क्या हमारे बुनियादी मूल्यों, संहिता, नीतियों, या लागू कानूनों का उल्लंघन किया गया है और तुरंत और पूरी तरह से उचित सुधारात्मक कार्रवाई करेंगे। Tenneco टीम के सदस्यों से जांच में सहयोग करने की उम्मीद की जाती है।

## प्रतिशोध नहीं

Tenneco में, हम ईमानदारी से मामले को साझा करने, जांच में सहयोग करने या सद्भावना से रिपोर्ट करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार के प्रतिशोध (जैसे नौकरी से निकालना, वेतन में कमी या नौकरी में कोई अन्य नकारात्मक कार्रवाई) की अनुमति नहीं देते हैं।

एक ईमानदार रिपोर्ट क्या है? यह किसी ऐसे मामले के बारे में बताना है, जिस पर आपको वाकई विश्वास है कि यह हमारी संहिता, हमारी नीतियों या कानून का उल्लंघन हो सकता है - भले ही आपको गलतफहमी हुई हो।

आपके संदेह सही साबित होते हैं या नहीं, उन्हें गंभीरता से लिया जाएगा और आगे आने पर आपकी सुरक्षा की जाएगी। हम आपकी आवाज़ को महत्व देते हैं और आपको यथासंभव विस्तार से बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आप जितनी अधिक जानकारी प्रदान करते हैं, इसकी उतनी अधिक संभावना होती है कि हम मुद्दे को हल कर सकते हैं।

इसलिए, आवाज उठाएँ और यह माने कि आप उस भरोसे और प्रतिष्ठा को बनाए रखने में मदद कर रहे हैं जो हमें ड्राइवर की सीट पर रखता है।



# साथ में जीतना

Tenneco में, हम एक टीम हैं। निर्माण से लेकर वितरण तक हर चीज के विशेषज्ञों के साथ, हम सूचना और संसाधनों के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं। जब हम कार्य करते हैं, तो हमें पता चलता है कि हममें से प्रत्येक वास्तव में कितना प्रतिभाशाली है। एक-दूसरे का ख्याल रखने और अपने मतभेदों को भुलाने से ही हम सफल होंगे और हम यह साथ मिल कर करेंगे।

## इस खंड में:


- एक दूसरे का सम्मान करना
- समावेशी होना
- सुरक्षा सबसे पहले
- अन्य पक्षों के साथ काम करना

# एक दूसरे का सम्मान करना

### लक्ष्य

एक सहयोगी और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देना जो उत्पीड़न, धमकाने और दुराचार से मुक्त हो।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम अपनी टीम के प्रत्येक सदस्य को महत्व देते हैं और जानते हैं कि हर कोई गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार का पात्र है। यही कारण है कि हमारी कंपनी के हर स्तर पर और उस हर जगह पर जहां हम काम करते हैं, हम में से प्रत्येक पर उत्पीड़न पर रोक लगाने का दायित्व है।

हम एक-दूसरे पर भरोसा करके ऐसा करते हैं। हम जो कुछ भी करते हैं वह विश्वास के साथ शुरू और समाप्त होता है। हमें भरोसा है कि लोग सही काम कर रहे हैं, एक-दूसरे की देखभाल कर रहे हैं और एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए काम कर रहे हैं जहां टीम के सदस्य उत्पीड़न के डर के बिना अपना काम कर सकते हैं। हम यह भी सुनिश्चित करते हैं कि हम उत्पीड़न को पहचान सकें जिससे कि यदि हम इसे देखें तो हम इसकी रिपोर्ट कर सकें।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**शामिल होना।** *आप टीम के सदस्य द्वारा किसी के धर्म का अपमान करना सुनते हैं। आप उन्हें रुकने के लिए कहते हैं, फिर उस व्यवहार की रिपोर्ट करते हैं। क्या यह कुछ अधिक हो गया?* नहीं, हम दूसरों की धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हैं, इसलिए आपने आवाज उठाकर सही काम किया है। जब भी आप ऐसा कुछ अपमानजनक और अनुचित देखें या यदि आप हिंसा, धमकी, बदमाशी या उत्पीड़न से संबंधित स्थिति का सामना करते हैं, तो ऐसा करें।

## सावधानी।

**पेशेवर बनें।**
*आपने टीम के एक सदस्य के प्रमोशन के बारे में जाना। आप उनके लिए खुश हैं और उनकी पीठ थपथपा कर बधाई देना चाहते हैं। क्या इसकी अनुमति है?* हो सकती है, लेकिन यह आपके स्थान की परंपराओं और संस्कृति पर निर्भर करता है। यदि आपके पास इस तरह के शारीरिक संपर्क को अवांछित मानने का कोई कारण है तो अपने सहयोगी को बधाई देने का कोई अन्य तरीका खोजें।

**हम जीत में सबसे अच्छा मौका सुनिश्चित करने के लिए खुला और ईमानदारी वाले दो-तरफ़ा संचार का उपयोग करते हैं।**

## गलत तरीका।

**हास्य का एक बहाने के रूप में उपयोग करना।** *टीम में तनाव अधिक है क्योंकि तिमाही समाप्ति पर परिणाम निराशाजनक थे। एक हंसाने वाला मीम है जिसे आप तनाव को समाप्त करने के लिए सभी को दिखाना चाहते हैं, लेकिन संबंधित चित्र थोड़ा ... वयस्क प्रकृति का है। अरे - हम सभी वयस्क हैं, क्या यह ठीक है?* एक बहाने के रूप में इसका उपयोग न करें। अनुचित यौन चित्र साझा करना यौन उत्पीड़न का एक रूप है। हम यौन धारणा वाले ***किसी*** भी कार्यों या शब्दों को बर्दाश्त नहीं करते हैं जो किसी को असहज कर सकते हैं या अपनी नौकरी करने की उनकी क्षमता में हस्तक्षेप कर सकते हैं। साझा करने के लिए उपयुक्त कुछ और ढूंढें।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### "उत्पीड़न" क्या है?

उत्पीड़न वह अवांछित आचरण है जो कार्यस्थल को एक शत्रुतापूर्ण या डराने वाली जगह की तरह महसूस करा सकता है। हम इसके बजाय विश्वास की संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं, जहां हम एक-दूसरे का ध्यान रखते हैं। सभी प्रकार के उत्पीड़न करने से बचें, जिसमें शामिल हैं:

- **मौखिक**
  - अपमानजनक या अनादरपूर्ण चुटकुले
  - नस्लीय टिप्पणी
  - धमकी
  - भला बुरा कहना
  - भद्दी/असभय टिप्पणी
- **शारीरिक**
  - धक्का देना
  - दूसरे के शरीर को छूना
  - यौन संबधी व्यवहार या इशारा
- **दृश्य**
  - अप्रिय कार्टून
  - अप्रिय ईमेल
  - ग्राफिक ड्राइंग या चित्र
  - गंदी या अश्लील बातें या इशारे
- **भेदभावपूर्ण**
  - व्यक्तिगत विशेषता पर आधारित जैसे लिंग या जाति आदि, लेकिन केवल यहीं तक सीमित नहीं है।

ध्यान रखें कि हमारी संहिता के उल्लंघन का कारण केवल सूची में दिये गये गलत व्यवहार तक ही सीमित नहीं है। यह याद रखना सबसे महत्वपूर्ण है कि एक-दूसरे का सम्मान करें और एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें। आखिरकार, आपके किये हुए काम का प्रभाव ही सबसे महत्वपूर्ण है। बस यह कह देना कि "मेरा यह मतलब नहीं था" इसको ठीक नहीं कर पायेगा।



## गैरेज

# समावेशी होना

## लक्ष्य

एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देना जहां हर कोई अपने आप को शामिल महसूस करे और काम में अपना सब कुछ झोंक देने के लिए प्रोत्साहित हो।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

Tenneco में हम, श्रेष्ठता चाहते हैं, जो सभी रूपों में आती है। हालांकि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास एक विविध पृष्ठभूमि वाली प्रतिभाशाली टीम है, पर सिर्फ यही काफी नहीं है। हमारा लक्ष्य है कि हमारी टीम का प्रत्येक सदस्य खुद को मूल्यवान, सम्मिलित और सम्मानित समझे।

हमारे लोग हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। हम सम्मिलित होने और विविधता को बढ़ावा देकर, निष्पक्ष रोजगार प्रथाओं का पालन करते हैं और भेदभाव को कभी बर्दाश्त नहीं करके इनकी सुरक्षा करते हैं। विविधता को प्रोत्साहित करके और अपने आस-पास के लोगों को अपने सबसे अच्छे रूप में होने के लिए प्रेरित करके, सफल होने के लिए हर किसी को एक समान मौका देने में हमारी मदद करें।

**हम विविधता के सभी रूपों को महत्व देते हैं, जिनमें शामिल हैं:** आयु, वंश, नागरिकता, रंग, जाति, धर्म (धार्मिक पोशाक और पहनावों की प्रथाओं सहित), जातीयता, विकलांगता, वैवाहिक या पारिवारिक स्थिति, चिकित्सा स्थिति, आनुवांशिक जानकारी, सैन्य और सेवानिवृत्ति स्थिति, राजनीतिक संबद्धता, राष्ट्रीय मूल (भाषा-उपयोग प्रतिबंध सहित), लिंग (गर्भावस्था, प्रसव, स्तनपान और संबंधित स्थितियों सहित), लिंग पहचान और अभिव्यक्ति, यौन अभिविन्यास, आदि।

**हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें समावेश सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**समान अवसर को बढ़ावा देना।** *आपकी टीम का मानना है कि लिंग में बदलाव के उनके फैसले के कारण किसी को प्रोजेक्ट में शामिल करने से मना कर दिया गया था। वे मदद के लिए आपके पास आते हैं। क्या यह सही विकल्प है?* बिल्कुल। रोजगार के फैसले, लिंग की अभिव्यक्ति के संदर्भ के बिना, नौकरी से संबंधित मानदंडों पर आधारित होने चाहिए। इसके लिए आवाज उठाकर, आपकी टीम एक निष्पक्ष, विविध और स्वागत करने वाले कार्यस्थल को बनाए रखने में मदद कर रही है। आप बातचीत में कुछ विचार भी व्यक्त करते हैं जिससे हम उस व्यक्ति को बता सकते हैं कि हम उनके बदलाव का समर्थन करते हैं। संवाद जारी रख कर, आपकी टीम अधिक तेज़ी से विचारों को कार्य में ला सकती है।

## सावधानी।

**सजग होकर कार्य करना।** *आपकी टीम दो उम्मीदवारों का साक्षात्कार ले रही है जो समान रूप से योग्य हैं। उम्मीदवारों में से एक में विविधता है। टीम में कोई बेहतर व्यक्तित्व वाले व्यक्ति को चुनने का सुझाव देता है क्योंकि यह एक बेहतर फिट होगा। क्या यह सही तरीका है?* वास्तव में नहीं। निहित पक्षपात आपको गलत दिशा में ले जा सकता है। यह चर्चा करना बेहतर होगा कि विविधता आपके समूह को कैसे मजबूत कर सकती है।

## गलत तरीका।

**असभ्य होना।** *आपका प्रबंधक किसी की राष्ट्रीयता के संबंध में मजाक बनाता है। कोई भी उस समय कुछ नहीं कहता है, लेकिन बाद में हर कोई इस बारे में फुसफुसाता है कि यह कितना अनुचित था। कम से कम आप सभी का एक ही मत है, क्या यह ठीक है?* नहीं यह गलत है। इस प्रकार की टिप्पणियों का Tenneco में कोई स्थान नहीं है। इसके लिए आवाज उठाएँ और यह जानें कि यदि आप ऐसा करते हैं तो आपको प्रतिशोध से बचाया जाएगा।




## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### अधिक समावेशी होने के तरीके खोज रहे हैं?

- अपनी अनूठी विशेषताओं के बारे में बतायें - यह दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।
- जटिल बातचीत से संकोच न करे, लेकिन अलग-अलग दृष्टिकोणों को भी सुने, समझें और उनका सम्मान करें।
- किसी और के अनुभव से और अधिक सीखने की स्वीकृति देने से कभी ना डरें।
- बातचीत और काम करने के ऐसे तरीके अपनायें जिससे दूसरे लोग जैसे हैं उसमें स्वंय को सम्मानित महसूस कर सकें।
- रोजगार से संबंधित निर्णय लेते समय हमेशा विविधता के महत्व पर विचार करें।

## गैरेज

# सुरक्षा सबसे पहले

## लक्ष्य

ऐसा माहौल बनाना जहां हम सुरक्षित महसूस करें और एक-दूसरे का ख्याल रखें।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

सुरक्षा हमारी संस्कृति का एक बड़ा हिस्सा है और हम में से प्रत्येक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नीतियों और प्रक्रियाओं, निरीक्षणों और जाँच सूचियों, सुरक्षा समितियों और सुरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से, हम सभी को सुरक्षित महसूस कराने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

सफल होने के लिए, हमें आपकी सहायता की आवश्यकता है। सचेत रहें, सुरक्षित कार्य व्यवहारों के आदर्श बनें और एक दूसरे का ख्याल रखें।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**सूचित रहना।** *आप अपने कार्य क्षेत्र में एक नए खतरे के संकेत को देखते हैं, इसलिए आप इससे परिचित होने में समय लगाते हैं। अच्छा विचार?* बेशक! सूचित रहना सुरक्षा को बढ़ावा देने का एक शानदार तरीका है। संभावित खतरों के लिए देखें, सुरक्षा आवश्यकताओं पर अपडेट रहें और घटनाओं, चोटों, चूकों और असुरक्षित स्थितियों की तुरंत रिपोर्ट करें।

**अपनी दूरी बनाए रखना।** *आपका कार्यस्थल क्वारंटाइन के अंतर्गत है और सभी को घर से काम करने के लिए कहा गया है। हालाँकि, आपके पास आवश्यक कार्य है जो आपको ऑनसाइट करना होगा, इसलिए आपको अपने प्रबंधक से अंदर जाने के लिए स्वीकृति मिलती है। वहाँ रहते हुए, आप दूसरों से अपनी दूरी बनाए रखते हैं, अपने हाथों को अक्सर धोते हैं और उच्च-स्पर्श सतहों को कीटाणुरहित करते हैं। क्या यह सही विकल्प हैं?* हां। क्वारंटाइन के दौरान भी आपको काम करने के लिए आना पड़ सकता है। ऐसे मामलों में, सुरक्षित रहने के लिए स्वस्थ आदतों का अभ्यास करें।

## सावधानी।

**ड्यूटी के लिए फिट होना।** *आपने माइग्रेन के लिए प्रिस्क्रिप्शन की एक दवा ली है। क्या ऐसे में काम करना सही है?* हो सकता है। बस सुनिश्चित करें कि आपके चिकित्सक ने आपको तब भी सुरक्षित रूप से काम करने में योग्य होने की स्वीकृति दी है। कभी-कभी **प्रिस्क्रिप्शन** की दवायें निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। **गैर-कानूनी** दवाओं, **मनोरंजक** दवाओं और शराब के लिए, काम पर उनका उपयोग करने से सभी की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। आइए इन पदार्थों को अपने कार्यस्थल से बाहर रखें।

## गलत तरीका।

**खतरों की अनदेखी।** *टीम का एक सदस्य आपके बॉस को थप्पड़ मारने की इच्छा के बारे में बात करता है। आपको लगता है कि उनका गुस्सा उतर जाएगा, इसलिए आप इसे नजरअंदाज करते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है, क्या यह सही है?* नहीं, यह गलत है। हिंसा के किसी खतरे को - हमेशा देखें - और रिपोर्ट करें। हम एक टीम हैं। आइये एक-दूसरे का ध्यान रखें।

**कैसे करते हैं यह हमारी सफलता के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हम क्या करते हैं।**

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### मैं कार्यस्थल की हिंसा का कैसे पता लगा सकता हूं?

यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल हो जाता है कि कब कोई हिंसक हो जाएगा। हालांकि, चीजों को संदर्भ में रखने से मदद मिल सकती है। यदि कोई एक से अधिक चेतावनी संकेत दिखाता है या यदि उनका व्यवहार खराब हो रहा है, तो प्रबंधक से बात करें।

दिखाई देने वाले व्यवहारों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- अचानक, गलत व्यवहार किए जाने की लगातार शिकायतें
- सहकर्मियों या प्रबंधन के साथ खराब संबंध
- व्यवहार में अचानक बदलाव, स्वभाव में बदलाव या अस्थिर व्यवहार
- भ्रमित व्यवहार
- गुस्से के शारीरिक लक्षण जैसे तेजी से जाना, चिल्लाना, चीखना, मौखिक रूप से अपमानजनक या धमकी भरी टिप्पणी करना या विवाद करना

## गैरेज



# अन्य पक्षों के साथ काम करना

### लक्ष्य

हमारे बुनियादी मूल्यों को साझा करने वाले अन्य पक्षों के साथ आपसी विश्वास और सम्मान का निर्माण करना।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम Tenneco में निरंतर वृद्धि और सफलता के लिए तत्पर हैं। हमारी सफलता का एक महत्वपूर्ण घटक हमारे ग्राहकों, विक्रेताओं और अन्य पक्षों के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद भागीदारी है।

जिस तरह हम अपने लिए उच्च मानक तय करते हैं, ठीक उसी तरह जो हमारे साथ काम करना चाहते हैं उनसे भी हमारी कुछ निश्चित उम्मीदें हैं। हम सौदेबाजी के हमारे पक्ष को बनाए रखने की पूरी कोशिश करते हैं क्योंकि स्वस्थ व्यापारिक रिश्ते सभी के लिए जीत हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**समझदारी से चुनना।** *आप आगामी परियोजना के लिए दो विक्रेताओं के बीच निर्णय ले रहे हैं। दोनों को सत्यापित किया गया है और उनकी अच्छी प्रतिष्ठा होने की पुष्टि की गई है, लेकिन एक अच्छी तरह से परिचित है और एक नहीं। आप प्रसिद्ध विक्रेता का चयन करने के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन जब आप जरूरतों, मूल्य, गुणवत्ता, उपलब्धता और सेवाओं का मूल्यांकन करते हैं, तो कम-परिचित विक्रेता के पास मजबूत क्षमताएं हैं। तो, आपने इसके बजाय कम-परिचित विक्रेता को चुना। क्या यह सही विकल्प है?* हाँ। हमेशा संदर्भ और पृष्ठभूमि की जांच करने के अलावा, हमें उचित जांच-पड़ताल करने की आवश्यकता है, सुनिश्चित करें कि वे हमारे बुनियादी मूल्यों को साझा करते हैं और उनका मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर करें ना कि उनकी लोकप्रियता के आधार पर।

**सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना।** *एक संभावित विक्रेता आपको और आपके साथी को एक पेशेवर फ़ुटबॉल खेल के टिकट भेजता है। यह बहुत अधिक लगता है, इसलिए आप हमारी नीतियों को स्पष्ट करते हुए एक विनम्र नोट के साथ उन्हें यह वापस कर देते हैं। क्या यह सही तरीका है?* बहुत सही। एक संभावित विक्रेता से उपहार स्वीकार करना यह विचार बना सकता है कि आप उसे चुन रहे हैं जो आपके लिए सबसे अच्छा है, कंपनी के लिए नहीं। हमारी नीति के अनुसार उपहारों का खुलासा होना चाहिए।

## सावधानी।

**प्रदर्शन की निगरानी।** *आपने हाल ही में एक ठेकेदार के साथ काम शुरू किया है। आप उन्हें बताएं कि हम उनसे उम्मीद करते हैं कि वे हमारे उच्च मानकों को बनाए रखेंगे और कानून का पालन करेंगे, भले ही इसका मतलब परियोजना में अधिक समय लगना है। आपने अपना कार्य किया है, क्या है ना?* यह एक शानदार शुरुआत है, लेकिन साथ ही उनके काम की बारीकी से निगरानी भी करें। किसी भी संदिग्ध चीज़ के लिए चालान की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि वे हमारे बुनियादी मूल्यों का समर्थन करते हुए और जैसा वादा किया गया था, उसी प्रकार समय पर कार्य पूरा करें।

## गलत तरीका।

**उनकी जानकारी की सुरक्षा करना।** *हमारा एक ठेकेदार गलती से कुछ गोपनीय सामग्री ईमेल करता है। यह बहुत लाभदायक है, इसे साझा नहीं करना चाहिए, इसलिए आप दोपहर के भोजन पर टीम के सदस्य के साथ इस पर चर्चा करते हैं। यदि आप इसे सिर्फ Tenneco में किसी और को बता रहे हैं तो यह कोई बड़ी बात नहीं है, है ना?* यह गलत है। हमारे ठेकेदार अपनी जानकारी के लिए हम पर भरोसा करते हैं। यदि आपको गलती से कुछ प्राप्त होता है, तो उसे तुरंत मिटा दें, भेजने वाले को उनकी गलती के बारे में बताएं और इसके बारे में अपने कानूनी परामर्शदाता को सूचित करें। इससे यह संदेश जाएगा कि हम हमेशा गोपनीयता बनाए रखते हैं - ना केवल जीतने के लिए अपनी प्रतिबध्दता दर्शाते हैं, बल्कि सही तरीके से इसका पालन भी करते हैं। अन्य लोगों की जानकारी का उसी तरह उपयोग करें जैसे आप हमारी जानकारी का किया जाना चाहते हैं।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### "अन्य पक्ष" कौन हैं?

अन्य पक्षों में ऐसा कोई भी व्यक्ति या कंपनी शामिल है जो Tenneco के साथ व्यापार करती है या करना चाहती है।

अन्य पक्षों के साथ काम करने के लिए सुझाव:

- किसी पक्ष के साथ काम करने से पहले उसकी पृष्ठभूमि की उचित जाँच करें।
- किसी पार्टी को काम देने से पहले उसके बारे में सभी जानकारियाँ (गुणवता, नाम, वित्तीय स्थिरता, साझा मूल्य) प्राप्त करें।
- जोखिम का प्रबंधन करने के लिए उचित नियंत्रण रखें।
- सुनिश्चित करें कि वे हमारे बुनियादी मूल्यों और अपेक्षाओं को समझते हैं।
- सुनिश्चित करें कि निम्नलिखित समझौता अनुबंधों में शामिल हैं:
  - अपेक्षित प्रदेय (माल या सेवाएं)
  - संबंधित कमीशन या शुल्क, या अन्य मौद्रिक भुगतान अर्जित करने का आधार
  - लागू दर या शुल्क
  - कानूनी दायित्वों का अनुपालन
- किसी भी प्रतिपूर्ति का समर्थन करने के लिए दस्तावेज, जैसे कि रसीदों के लिए अनुरोध करें और उनकी समीक्षा करें।
- हमारी विक्रेता जांच प्रक्रिया का पालन करें।



**गैरेज**
आपूर्तिकर्ता आचार संहिता



# हमारे निवेश की सुरक्षा करना

हमारी सही तरीके से जीतने की प्रतिबध्दता के कारण ही लोग हमारी कदर करते हैं। वे जानते हैं कि परिणाम देने के लिए हम प्रत्येक दिन पिछले दिन से बेहतर बनने के लिए प्रयास करेंगे। हम एक-दूसरे का, हमारी कंपनी का, हमारे रिश्तों का सम्मान और रक्षा करके और अपने ब्रांड की अखंडता को बनाए रखने की जिम्मेदारी लेते हुए उनका विश्वास अर्जित करते हैं।

## इस खंड में:

- रिकॉर्ड और वित्तीय रिपोर्ट सटीक रखना
- रिकार्डों की देखरेख
- हमारी संपत्ति की देखभाल
- गोपनीय सूचना की सुरक्षा करना
- गोपनीयता की रक्षा
- सरकार के साथ बातचीत
- राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना

# रिकॉर्ड और वित्तीय रिपोर्ट सटीक रखना

### लक्ष्य

यह सुनिश्चित करना कि हमारे रिकॉर्ड और रिपोर्ट हमारे व्यवसाय को सटीक रूप से दर्शाते हैं।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

सटीक रिकॉर्ड और वित्तीय रिपोर्ट रखना एक स्वस्थ व्यवसाय के केंद्र बिंदु है। यह हमें स्मार्ट निर्णय लेने में मदद करता है, कानून के सही पक्ष की तरफ रखता है और इसका हिसाब रखता है कि हमारा पैसा कहां जाता है।

हम सभी अपनी कंपनी के रिकॉर्ड में योगदान करते हैं, तो आइए सुनिश्चित करें कि हमारे योगदान सकारात्मक हैं। आप जो भी रिकॉर्ड करते हैं - चाहे वह आपका समय हो, एक खर्च हो, या एक व्यापारिक लेनदेन हो - इसे ईमानदारी से रिकार्ड करें। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप हमें हमारे निवेशकों, हमारे ग्राहकों, हमारे सहयोगियों और हमारे समुदायों के साथ विश्वास बनाने में हमारी मदद कर रहे हैं।

### नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**ईमानदार होना।** *आपकी टीम का सदस्य एक व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए रुकने को कहता है क्योंकि आपकी टीम महीने के अपने बजट पर पहुँच गई है। आप उसे याद दिलाते हैं कि हमारे नंबर सही होने चाहियें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह जमा कर दिया गया है इसकी जानकारी लेते हैं। क्या यह सही विकल्प था?* हाँ! बजट बनाने की तुलना में एक सटीक रिकॉर्ड होना अधिक महत्वपूर्ण है। झूठ की तुलना में बजट में अंतर को समझाना बहुत आसान है।

**ईमानदारी के साथ कार्य करना हमारी सफलता की नींव है।**

### सावधानी।

**रिपोर्ट्स की जाँच करना।** *यह तिमाही की समाप्ति है और आपका बॉस खुश है क्योंकि आपकी टीम लक्ष्य को पूरा करेगी। हालांकि, आज सुबह, एक बड़ी खेप तिमाही के अंत के एक दिन बाद तक के लिए विलंबित हो गई। इसे लक्ष्य में गिनना ठीक है। क्या यह ठीक है?* इतनी जल्दी नहीं। अच्छा है कि आप सवाल पूछ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम हमेशा ईमानदारी के साथ काम करें और इस बात की पुष्टि करें कि हमारी बिक्री उचित लेखांकन नियमों का पालन करती हैं। यहां तक कि अगर खरीद की पुष्टि हो जाए और तिमाही समाप्ति के ठीक एक दिन बाद माल भेज दिया जाएगा, तब भी हम इसे अभी नहीं गिन सकते। हमारे निवेशकों और लेखा परीक्षकों के लिए हमें सटीक होना चाहिए।

### गलत तरीका।

**संदेह को नजरअंदाज करना।** *आपको एक सूची की गिनती पर टीम के एक सदस्य का साइन ऑफ दिखाई देता है जिसे उन्होंने पूरा नहीं किया था। यह आपका विभाग नहीं है, इसलिए आप इससे किनारा कर लेते हैं। क्या यह ठीक है?* नहीं। गलत रिकॉर्ड करना कभी ठीक नहीं होता। अपनी बात रखें।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### और कुछ जानना है?

- व्यवसाय रिकॉर्ड को ध्यान से, पूरी तरह से, ईमानदारी से और उन तरीकों से रिकॉर्ड करें जो समझने में आसान हैं।
- आप जो रिकॉर्ड रखते हैं उसको समर्थित करने वाला सब कुछ रखें - जैसे रात के खाने से प्राप्त रसीद या कल के सुरक्षा परीक्षण के परिणाम।
- यदि आप अधिकृत हैं केवल तभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर या अनुमोदन करें।

**गैरेज**
वित्तीय संहिता



# रिकार्डों की देखरेख

### लक्ष्य

हमारे दिन-प्रतिदिन के व्यवसायिक व्यवहार में सहायता करने वाली जानकारी समय पर प्रदान करना।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम कागज पर और इलेक्ट्रॉनिक रूप से, दोनों पर बहुत सारे व्यवसायिक रिकॉर्ड बनाते हैं और हमारे कर, कानूनी, अनुपालन और वित्तीय दायित्वों को पूरा करने वाले रिकॉर्ड को बनाए रखते हैं। इससे हमारी कंपनी की रक्षा होती है। हालाँकि, हम सब कुछ हमेशा के लिए नहीं रखते हैं। जिन रिकॉर्डों को रखने की आवश्यकता नहीं है उनका उचित निपटान, हमें जो चाहिए उसको तेजी, आसानी और कम लागत वाले तरीकों से ढूंढ़ने में मदद करता है।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करना।** *आप को ज्ञात होता है कि हमारी एक SharePoint साइट में ग्राहकों की ऐसी जानकारी रखी गई है जिसकी हमें अब कोई आवश्यकता नहीं है। अपने बॉस और दस्तावेज़ों के मालिकों से अनुमति प्राप्त करने के बाद, आप इस तरीके से जानकारी का निपटान करते हैं जो हमारी* दस्तावेज प्रतिधारण नीति *का अनुपालन करती है। आदर्श व्यवहार?* बिल्कुल। भले ही जानकारी का अब हमारे लिए कोई मूल्य नहीं है, तब भी यह एक हैकर के लिए मूल्यवान हो सकती है, जो हमें एक उल्लंघन के लिए अतिसंवेदनशील बना सकता है। इसे ठीक से निपटाने से, आप Tenneco और उन लोगों की रक्षा करते हैं जो हम पर अपना भरोसा रखते हैं।

## सावधानी।

**पुष्टि प्राप्त करना।** *आपने एक कानूनी मामले के कारण कई ईमेल सहेजे हैं जिसके बारे में आपने सुना था कि वह अब निपट गया है। क्या अब इन ईमेल को मिटाना ठीक है?* हो सकता है, लेकिन पहले विधि विभाग से इसकी पुष्टि करें। ईमेल को व्यावसायिक रिकॉर्ड माना जाता है और कोई कानूनी रोक होने पर आपको उन्हें सहेजे रखना चाहिए। कानूनी रोक एक प्रक्रिया है जिसका हम मुकदमे के लिए दस्तावेजों को संरक्षित करने के लिए पालन करते हैं, बिना इस तथ्य पर विचार किए कि वे हमें जीतने में मदद करेंगे या नहीं।



## गलत तरीका।

**बहुत जल्द मिटाना।** *आपको आपके द्वारा डाउनलोड किए गए ऐसे वित्तीय रिकॉर्ड मिलते हैं जो कई वर्षों पहले आपकी हार्ड ड्राइव पर सहेजे गए थे, इसलिए आप उन्हें मिटा देते हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है?* यह बहुत बड़ी बात है। सभी वित्तीय रिकॉर्ड और दस्तावेजों और रिपोर्टों की आधिकारिक प्रतियां कंपनी के सिस्टम या स्वीकृत एप्लीकेशनों और रिपॉजिटरी में रखी जानी चाहिए। हालाँकि, इस मामले में या इसी तरह की स्थितियों में, **कुछ भी** मिटाने से पहले, अपने प्रबंधक से बात करें और हमारी दस्तावेज़ रखने की नीति देखें। यह जानकारी के भंडारण, प्रतिधारण और निपटान के लिए समय-सारणी बताता है। यह भी याद रखें कि नष्ट करने की तारीख होने या ना होने के बावजूद, हमें उन दस्तावेजों से छुटकारा नहीं मिल सकता है जिन पर कानूनी रोक है या वे रिकॉर्ड (जैसे अचल संपत्ति के दस्तावेज) जिन्हें कानून के अनुसार नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। हमारी नीतियों का पालन करके, आप ईमानदारी के प्रति अपनी प्रतिबध्दता दर्शाते हैं।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### रिकॉर्डों का प्रबंधन क्या है?

यह नीतियों का पालन करने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह व्यावहारिक ज्ञान का इस्तेमाल करने के बारे में है। व्यवस्थित रहें और महत्वपूर्ण चीज़ों को संभाले। इस तरह अगर कुछ भी अधिकृत ऑडिट या जांच के अधीन हो जाता है, तो हम उचित जवाब दे सकते हैं।

## गैरेज



# हमारी संपत्ति की देखभाल

### लक्ष्य

जो हमारा है उसका अच्छे से ख्याल रखना।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

आपकी भूमिका से कोई फर्क नहीं पड़ता, संभावना है कि आप कंपनी की मूल्यवान संपत्ति के लिए जिम्मेदार हैं। क्या आप उपकरण संचालित करते हैं, कंप्यूटर पर टाइप करते हैं, या बौद्धिक संपदा का उपयोग करते हैं? ये सभी कंपनी की संपत्ति के उदाहरण हैं, जिनका Tenneco मालिक है या व्यापार करने के लिए उपयोग करता है। उनकी देखभाल करना हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**अच्छी देखभाल करना।** *आप ग्रीस/तेल की कमी के कारण अपनी फोर्कलिफ्ट के घूमने वाले हिस्सों के आसपास कुछ घर्षण महसूस करते हैं। आप तुरंत उपकरण का संचालन बंद कर देते हैं और कंपनी के परिचालन मानक प्रक्रिया के अनुसार रखरखाव या उपयुक्त क्षेत्र को इसकी रिपोर्ट करते हैं, जिससे कि वे प्रत्येक भाग पर सही प्रकार का तेल और ग्रीस लगा सकें। क्या ऐसा करना अच्छा है?* हां बिल्कुल! यह सुनिश्चित करना हम सभी का कार्य है कि हमारी भौतिक संपत्ति की ठीक से देखभाल की जाती है। तुरंत रखरखाव से संपर्क करके, आप अपनी मशीन की देखभाल कर रहे हैं - और इसके जीवन को बढ़ा रहे हैं।

**यह सिर्फ एक नाम नहीं है।** *आप एक कंपनी देखते हैं जो हमारी कंपनी के जैसा दिखने वाला नाम और लोगो उपयोग कर रही है। एक सहकर्मी कहता है कि चिंता मत करो क्योंकि यह पूरी तरह से समान नहीं है। हालाँकि, आप इसे संवाद टीम और विधि विभाग को रिपोर्ट करने का निर्णय लेते हैं। क्या यह अच्छा विकल्प है?* हां निश्चित रूप से। हमारे ब्रांड और उनके संबंधित ट्रेडमार्क और लोगो मूल्यवान संपत्ति हैं और हमें भ्रमित करने वाले समान नाम और लोगो दिखने पर हमेशा रिपोर्ट करनी चाहिए ताकि कंपनी संभावित कानूनी कार्रवाई पर विचार कर सके। हमारे ब्रांड की सुरक्षा करते समय "यदि आप कुछ देखते हैं, तो कुछ कहें" यह हमेशा सही तरीका होता है। हम एक टीम हैं।


## सावधानी।

**सरल ... लेकिन लंबा रखना।** *आपको अपना पासवर्ड याद रखने में मुश्किल होती है, इसलिए आप कुछ ऐसा अपनाते हैं जिसे आप जानते हैं कि आप भूल नहीं पाएंगे। क्या यह ठीक है?* हो सकता है। बस सुनिश्चित करें कि आप कुछ आसान नहीं चुने जिसे हैक करना आसान हो। पासफ़्रेज़ (वाक्यांश) आज़माएं। अक्षरों की कड़ी के विपरीत पासफ़्रेज़ शब्दों की कड़ी होते हैं। वे लंबे (जो उनका पता लगाना कठिन बनाता है), लेकिन सरल (जो उन्हें याद रखना आसान बनाता है) होते हैं।

**पैकिंग करना।** *आप काम से संबंधित सुबह की यात्रा करने के लिए पैकिंग कर रहे हैं और अपने लैपटॉप को भूलना नहीं चाहते हैं। आप इसे रात भर कार में छोड़ने पर विचार करते हैं, लेकिन इसके बजाय इसे दरवाजे के पास अपने लैपटॉप बैग में रखते हैं - ताकि आप बाहर निकलते समय बिना भूले इसे ले सकें। क्या यह अच्छा निर्णय है?* हां काफी हद तक। आपने इसे अपनी कार में न रख कर समझदारी दिखाई है। यदि गलत व्यक्ति इसे देखता है, तो वह इसे चुरा सकता/सकती है। आपके लैपटॉप में कंपनी के बारे में वास्तव में महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है, इसलिए अपने लैपटॉप को एक सुरक्षित स्थान पर रखने और अपने बैग में संरक्षित करने के अलावा, सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण डेटा एन्क्रिप्ट किया गया है।

## गलत तरीका।

**क्लिक करने से बचें।** *आप अपने कार्य के कंप्यूटर पर हैं और आप एक कार्यकारी को गोपनीय जानकारी भेजने के लिए एक असामान्य ईमेल अनुरोध देखते हैं। यह बहुत आवश्यक लगता है, इसलिए आपको तुरंत इसका अनुपालन करना चाहिए ... क्या यह ठीक है?* नहीं यह गलत है। साइबर हमले अक्सर असामान्य ईमेल के रूप में होते हैं। यदि आप ईमेल भेजने वाले को नहीं पहचानते हैं या यदि यह किसी भी तरह से संदिग्ध लगता है, तो ईमेल बंद करें और आईटी से संपर्क करें।



## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### वैसे हमारी "संपत्ति" क्या है?

विभिन्न प्रकार की संपत्तियां हैं जिनकी हमें रक्षा करनी चाहिए, जिनमें शामिल हैं:

- भौतिक संपत्ति (उपकरण और माल जैसे, पुर्जे, कच्चा माल, औजार, कंप्यूटरों और फोनों के बारे में सोचें)
- तकनीकी संरचना संपत्ति (जैसे ईमेल, इंटरनेट एक्सेस और सॉफ़्टवेयर)
- वित्तीय संपत्ति (जैसे नकदी और बैंक खाते)
- बौद्धिक संपदा (जैसे गोपनीय जानकारी, रचनात्मक सामग्री, पेटेंट, ट्रेडमार्क और आविष्कार)

## गैरेज

# गोपनीय सूचना की सुरक्षा करना

## लक्ष्य

गोपनीय जानकारी के संरक्षण, सुरक्षा और उचित उपयोग के लिए असाधारण स्तर तक जाना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हमारे पास मौजूद जानकारी मूल्यवान है, क्योंकि अक्सर दूसरों को इसकी जानकारी नहीं होती है। यह कोई रहस्य नहीं है कि डिजिटल दुनिया में, सब कुछ डेटा पर चलता है। हमारी देखरेख में उपलब्ध जानकारी हमें अपने ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत अनुभव बनाने, सम्मानित और प्रतिभाशाली टीम के सदस्यों को नियुक्त करने और बाजार में हमारी प्रतिस्पर्धी बढ़त को बनाए रखने में सक्षम बनाती है। अगर हम इसकी रक्षा नहीं करते हैं, तो चीजें जल्दी ही गलत हो सकती हैं।

इसलिए हम गोपनीय जानकारी को सही तरीके से संग्रहित करते हैं और उसे सुरक्षित रखते हैं, चाहे वह जानकारी हमारी हो, किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता की हो।

हालांकि हम विज्ञापन, उत्पाद प्रलेखन, समाचार रिलीज़ और सार्वजनिक वित्तीय रिपोर्टिंग के माध्यम से कुछ जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रकट करते हैं, इसके अलावा हम उचित सुरक्षा उपायों और जहां लागू हो, कानूनी रूप से लागू करने योग्य समझौतों के माध्यम से बाकी जानकारी की रक्षा करते हैं। हम कभी भी उचित अनुमति के बिना या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ गोपनीय जानकारी साझा नहीं करते हैं जिन्हें अपना काम करने के लिए इसकी आवश्यकता नहीं होती है।

**हम हमेशा सुनिश्चित करते हैं कि गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए उचित और सही नियंत्रण मौजूद हैं।**

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**गोपनीयता के साथ बात करना।** *आप एक भीड़ वाली लिफ्ट में हैं तभी आपके प्रबंधक की कॉल आती है। वह आपके द्वारा बनाई गई नई मार्केटिंग रणनीति के बारे में जानना चाहते हैं। आप फोन का जवाब देते हैं, लेकिन जब तक आप अपने कार्यालय पहुंच कर दरवाजा बंद नहीं करते तब तक इसे साझा नहीं करते हैं। क्या यह सही तरीका है?* बहुत सही। सार्वजनिक सूचनाएँ कई तरह से लीक होती हैं, जिसमें सार्वजनिक स्थान जैसे लिफ्ट भी शामिल हैं। इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि हम क्या कहते हैं और हम इसे कहाँ कहते हैं।

**जानकारी की सुरक्षा करना।** *आप एक आम क्षेत्र में प्रिंटर पर छोड़ी गई गोपनीय जानकारी को देखते हैं। आप जानकारी को तब तक सुरक्षित रखते हैं जब तक कि आप उसे छोड़ने वाले व्यक्ति और उसके प्रबंधक को इसकी सुरक्षा के महत्व के बारे में सलाह ना दें। क्या यह सही तरीका है?* हां यह बिल्कुल सही है! गोपनीय जानकारी को ऐसे किसी के साथ साझा नहीं किया जाता है (अनजाने में या अन्यथा) जो इसे प्राप्त करने के लिए अधिकृत नहीं है।

## सावधानी।

**गोपनीय ईमेल भेजना।** *समय की कमी के कारण आपको ईमेल के माध्यम से कुछ गोपनीय भेजना है, इसलिए आप समय बचाने के लिए इसे वर्ड डॉक्यूमेंट के रूप में संलग्न करते हैं और एन्क्रिप्टेड फ़ाइल पासवर्ड के साथ भेजते हैं। यह इसको सुरक्षित रखेगा, क्या यह सही है?* शायद हां। बस यह सुनिश्चित करें कि एन्क्रिप्शन के लिए पासवर्ड अलग से भेजा गया हो।

**जानिये की इसकी जानकारी किसको होनी चाहिए।** *जिस समय आप और आपकी टीम एक विनिर्माण प्रक्रिया में सुधार की चर्चा कर रही है, उसी समय एक आपूर्तिकर्ता वहां से गुजरता है। आपूर्तिकर्ता इसको सुनने के लिए रुक जाता है तब भी आपका प्रबंधक मीटिंग जारी रखता है। आपका प्रबंधक कहता है कि यह ठीक है क्योंकि आपूर्तिकर्ता ने गोपनीयता समझौते पर हस्ताक्षर किया हुआ है। क्या यह ठीक है?* हमारी गोपनीय जानकारी को सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे ऐसे लोगों के साथ साझा करने से बचें जिन्हें इसे जानने की आवश्यकता नहीं है। विनम्रता से आपूर्तिकर्ता को अपनी बैठक से दूर ले जाएँ ताकि आपका बॉस चर्चा पूरी कर सके।

## गलत तरीका।

**गोपनीय जानकारी साझा करना।** *आप एक व्यक्तिगत ब्लॉग शुरू करते हैं जो कार्य की कहानियों पर है। इसमें रुचि पैदा करने के लिए आप कुछ अप्रकाशित उत्पाद डिजाइनों का उल्लेख करते हैं क्योंकि आपको लगता है कि यह बिक्री के लक्ष्यों को आसान बनाने में मदद कर सकता है। क्या मैं मार्केटिंग में प्रतिभाशाली हूं?* बिल्कुल भी नहीं। एक प्रतियोगी हमारे डिजाइनों की नकल कर सकता है और आप उत्पाद डिजाइनों को पेटेंट कराने के हमारे प्रयासों को कम कर सकते हैं। हम जो कुछ भी बनाते हैं, उसकी रक्षा करने में मदद करके अपने हिस्से का काम करें।



## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### जानिए गोपनीय जानकारी को कैसे सुरक्षित रखें?

जब तक आप अन्यथा पुष्टि प्राप्त नहीं करते हैं, तब तक कंपनी की सभी जानकारी को गोपनीय मानें और सुनिश्चित करें कि:

- लैपटॉप और मोबाइल उपकरणों को भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित रखा गया है।
- अपनी सीट से उठने पर अपने वर्कस्टेशन को लॉक करें।
- मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और पासवर्ड सुरक्षित रखें।
- निर्देशों के अनुसार सिक्युरिटी सॉफ्टवेयर इंस्टाल और अपडेट करें।
- सुनिश्चित करें कि आप अधिकृत लोगों के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं और उनको जानकारी प्राप्त करने की उचित आवश्यकता है।

## गैरेज

# गोपनीयता की रक्षा

## लक्ष्य

गोपनीयता की रक्षा करना और यह सुनिश्चित करना कि हम व्यक्तिगत जानकारी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से एकत्र, उपयोग, साझा करें और बनाए रखें।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

टीम के सदस्य, शेयरधारक, ग्राहक, विक्रेता और अन्य जो हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करते हैं, वे विश्वास करते हैं कि हम इसका सावधानी के साथ प्रयोग करेंगे। हम व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कानून के अनुसार, उचित रूप से और केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए करते हैं जिनके लिए वे दी गई हैं।

हमारे ऊपर किये गए विश्वास के कारण, हम गोपनीयता को बहुत गंभीरता से लेते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई जो हमारे साथ, हमारे लिए, या हमारी ओर से काम करता है, वह हमारे गोपनीयता व्यवहार और लागू कानूनों से अवगत है। इसमें हमारे द्वारा एकत्र की गई व्यक्तिगत जानकारी के प्रकार, हम इसका उपयोग कैसे करते हैं और लोगों की व्यक्तिगत जानकारी के बारे में उनके अधिकार शामिल हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**गोपनीयता के अधिकारों का सम्मान करना।** *एक टीम का सदस्य मातृत्व अवकाश पर चली गई है और एक आपूर्तिकर्ता कार्ड भेजने के लिए उनके घर का पता पूछता है। आप सुझाव देते हैं कि वे कार्ड को घर के पते के बजाय उनके फैक्टरी के पते पर भेज दें। क्या यह सही तरीका है?* हाँ। आपकी टीम के सदस्य की सहमति के बिना - आपको एक आपूर्तिकर्ता - या किसी और के साथ उसके घर का पता या व्यक्तिगत डेटा साझा नहीं करना चाहिए या हमारे सिस्टम और व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करने के मामले में गोपनीयता कार्यालय की सहमति के बिना इसे साझा नहीं करना चाहिए।

## सावधानी।

**साइबर सुरक्षा का पालन करना।** *आपको एक ईमेल प्राप्त होता है, जिसमें आपने प्रतियोगिता जीती है और इसकी निःशुल्क, एकमात्र कार्यशाला के लिए अपनी पूरी टीम को पंजीकृत करने की आवश्यकता है। आपको लगता है कि इस ईमेल में वायरस हो सकता है या यह हमारे सिस्टम को हैक करने का एक प्रयास हो सकता है, इसलिए आप बिना किसी अटैचमेंट या लिंक को खोले ईमेल को डिलीट कर देते हैं। क्या आपसे कुछ छूट गया?* शायद हां। आप यह जानने के लिए पर्याप्त होशियार हैं कि हमारे सिस्टम की सुरक्षा चाहे कितनी भी मजबूत क्यों न हो, इस ईमेल पर क्लिक करने से पासवर्ड, पर्सनल डेटा या कंपनी की जानकारी चुराने वाला वायरस सक्षम हो सकता है। ईमेल को तुरंत हटाने के बजाय, इसे सूचना सुरक्षा पर फॉरवर्ड करें और उन्हें बताएं कि आपको क्या प्राप्त हुआ है ताकि वे सुनिश्चित कर सकें कि कोई और गलती नहीं करे।

## गलत तरीका।

**प्रोटोकॉल को अनदेखा करना।** *आप खरीद विभाग में हैं और आपको एक अनुरोध प्राप्त होता है जिसमें आपसे एक प्रोजेक्ट के लिए एक विक्रेता से संपर्क करके उसे हमारे सिस्टमों तक पहुँच देने के लिए कहा जाता है। यह प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं है, लेकिन अनुरोध बहुत आवश्यक है और एक उच्च-स्तर के अधिकारी की ओर से है। क्या ऐसा करना ठीक है?* नहीं। गोपनीय जानकारी तक पहुंच प्रदान करने से पहले सुनिश्चित करें कि विक्रेता सूचना सुरक्षा द्वारा स्वीकृत है। अधिकारी को बताएं कि आपको प्रोटोकॉल का पालन करना होगा और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। यदि वे जोर देते हैं कि आपसे जैसा कहा गया है उसी अनुसार करें, तो मदद के लिए एक प्रबंधक से संपर्क करें।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### कुछ उदाहरणों की आवश्यकता है?

व्यक्तिगत जानकारी में ऐसी कोई भी चीज़ शामिल होती है, जो किसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पहचान सकती है, जिसमें शामिल हैं:


- नाम
- पता
- ईमेल
- IP एड्रेस
- फ़ोन नंबर
- बैंक या क्रेडिट कार्ड की जानकारी
- स्वास्थ्य जानकारी
- टीम के सदस्य की ID

निश्चित नहीं है कि क्या यह "व्यक्तिगत जानकारी" है? जब तक आप निश्चित रूप से नहीं जानते, तब तक इसे व्यक्तिगत जानकारी ही समझें।

डेटा गोपनीयता के बारे में कोई प्रश्न हैं? कृपया, हमारे गोपनीयता कार्यालय से संपर्क करें।

यदि आपके पास फ़िशिंग और स्पैम सहित साइबर सुरक्षा के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो कृपया सूचना सुरक्षा से संपर्क करें।

## गैरेज



# सरकार के साथ बातचीत

## लक्ष्य

ऐसी हर जगह पर जहां हम संचालन करते हैं सरकार के साथ ईमानदार और पारदर्शी रिश्ते बनाना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम भाग्यशाली हैं कि हम दुनिया भर की विभिन्न सरकारी एजेंसियों और प्रतिनिधियों के साथ काम करते हैं। सरकार इन संबंधों को ध्यान से देखती है और इनके बारे में सख्त आवश्यकतायें हैं, इसलिए विश्वास, जवाबदेही और पारदर्शिता आवश्यक है।

सरकारी अधिकारियों के साथ काम करते समय - हमारे सभी व्यावसायिक संबंधों की तरह - हम नियमों का पालन करते हैं और नैतिक नियमों को कभी नहीं छोड़ते हैं। यदि आप कभी ऐसे संचालन में शामिल होते हैं जिसमें परमिट, सीमा शुल्क, निर्माण या सरकार के साथ अन्य प्रकार के काम शामिल होते हैं, तो अपनी और कंपनी की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं और यह साबित करने में सक्षम रहें कि आपने ईमानदारी के साथ काम किया है।

### नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**सहकारी रूप से अनुपालन करना।** *एक सरकारी अधिकारी आपके कारखाने पर अचानक निरीक्षण के लिए आता है। आप विनम्रता और पेशेवर तरीके से उसका अभिवादन करें और फिर विधि विभाग से संपर्क करें ताकि वे मदद कर सकें। सही प्रतिक्रिया?* हाँ। हम सरकारी निरीक्षण, जांच और सूचना के अनुरोधों में हमेशा सहयोग करते हैं। विधि विभाग सरकारी अधिकारी की जरूरतों का जवाब देने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है, इसलिए आपने सही काम किया। और अगर आपको कभी भी विधि विभाग द्वारा सीधे सरकारी अनुरोध का जवाब देने में मदद करने के लिए कहा जाता है, तो सच बताएं। कभी भी किसी को गुमराह न करें, उनके काम में बाधा ना डालें, या दस्तावेजों को छुपाने, नष्ट करने या बदलने का काम ना करें।

### सावधानी।

**मार्गदर्शन लें।** *आप एक कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हैं, जहाँ सरकारी अधिकारी भाग लेंगे और आप Tenneco के लिए कुछ प्रचार आइटम देना चाहते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है, सही है ना?* हो सकता है। सरकारी अधिकारियों को उपहार देने के बारे में नियम सख्त हैं। अपने कार्यक्रम की मेजबानी करने से पहले, हमारी हॉटलाइन के माध्यम से मार्गदर्शन देने का अनुरोध करके अनुमति प्राप्त करें। आप नहीं चाहेंगे कि कोई आपकी उदारता का रिश्वत के रूप में गलत अर्थ निकाले।



## गलत तरीका।

**अनैतिक रूप से अनुबंध करना।** *एक राज्य के स्वामित्व वाली संस्था आपको एक परियोजना पर बोली लगाने के लिए कहती है। आप यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी बोली सबसे कम हो, एक प्रतियोगी के साथ समन्वय करते हैं। व्यापार के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है। इस तरह से एक साथ काम करने से कीमतें ऊंची बनी रहती हैं ताकि दोनों कंपनियां लक्ष्य पूरा कर सकें। व्यापार प्राप्त करने का शानदार तरीका?* नहीं। हम सही तरीके से जीतते हैं - ईमानदारी से, नैतिकता से और हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ। यह बोली में हेराफेरी है, एक ऐसा व्यवहार जो बोली प्रक्रिया को कमजोर करता है और अक्सर अवैध होता है। तुरंत अपने प्रबंधक और विधि विभाग से संपर्क करें।



## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### सरकारी अधिकारी किसे माना जाता है?

"सरकारी अधिकारी" शब्द व्यापक है और केवल निर्वाचित अधिकारियों के अलावा अन्य पर भी लागू होता है। इसमें शामिल हो सकते हैं:

- सरकारी एजेंसियों के कर्मचारी
- सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनियों या संस्थाओं के कर्मचारी (जैसे, पब्लिक स्कूल, विश्वविद्यालय, आदि)
- राजनीतिक दलों के अधिकारी या उम्मीदवार भी

## गैरेज

# राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना

### लक्ष्य

हमारे समुदायों को बेहतर बनाना।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेना एक अच्छे नागरिक और समाज का एक उत्पादक सदस्य होने का हिस्सा है। यद्यपि हम अपनी टीम के सदस्यों के राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने के अधिकारों का सम्मान करते हैं और हमारी टीम के सदस्यों के बीच हो सकने वाले विभिन्न राजनीतिक दृष्टिकोणों की सराहना करते हैं, राजनीतिक भागीदारी को Tenneco में हमारे काम से अलग रहना चाहिए और इसे कानून और Tenneco की नीतियों के अनुरूप होना चाहिए।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**राजनीति को व्यक्तिगत रखना।** *आपका मित्र स्थानीय कार्यालय के लिए चुनाव लड़ रहा है। समर्थन करने के लिए, आप जब काम पर ना हों तब वोट मांगने के लिए अपने घर के फ़ोन का उपयोग कर सकते हैं। सही काम?* शाबाश। राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने के लिए कभी भी कंपनी के समय या संसाधनों जैसे फोन का उपयोग ना करें। जब तक आप घर नहीं पहुंचते तब तक इंतजार करना राजनीति को व्यक्तिगत रखने का एक शानदार तरीका है।

## सावधानी।

**अपने लिए बोलना।** *राजनीतिक अभियान में आपके कार्य की चर्चा के लिए आपको एक स्थानीय समाचार स्टेशन द्वारा आमंत्रित किया जाता है। स्टेशन आपका नाम, व्यवसाय और कार्य का स्थान बताते हुये आपका परिचय कराना चाहता है। क्या यह ठीक है?* हो सकता है, लेकिन पहले संवाद टीम के साथ जांच करें। यदि अनुमति हो, तो सुनिश्चित करें कि आपकी भागीदारी हमारी नीतियों का अनुपालन करती है और यह स्पष्ट करती है कि आपके द्वारा व्यक्त की गई कोई भी राय आपकी अपनी है।

## गलत तरीका।

**हमारे नाम का उपयोग करना।** *आप एक ऐसे राजनीतिक कारण के लिए परचे वितरित करना चाहते हैं जिसके बारे में आप परवाह करते हैं और सोचते हैं कि कंपनी के लोगो का उपयोग करने से आपको अधिक मदद मिलेगी। इसके अलावा, आप जानते हैं कि आपका बॉस इस उद्देश्य को पसंद करता है और आपकी टीम वर्क की सराहना करेगा। यह सब एक अच्छे उद्देश्य के लिए, सही है ना?* नहीं यह गलत है। आप बिना पूर्वानुमति के किसी भी राजनीतिक गतिविधि में Tenneco के नाम का उपयोग नहीं कर सकते हैं। हम Tenneco में राय की विविधता का जश्न मनाते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। हम आपसे भी यही अपेक्षा करते हैं।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### कुछ प्रमुख सुझाव?

सुनिश्चित करें कि राजनीतिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी कानून के अनुसार वैध है और Tenneco पर प्रतिकूल रूप से प्रतिबिंबित नहीं होती है।

## गैरेज



# हमारे उदयोग का मार्गनिर्देशन

हम जहां कहीं भी हों, हम हमेशा ईमानदारी के साथ काम करते हैं। हम ईमानदारी से व्यवहार करते हैं। हम निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करते हैं और हम अपने उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर सफल होते हैं। यह हमेशा आसान तरीका नहीं है, लेकिन यह हमेशा सही तरीका है और यह हमारे लिए हमारे ग्राहकों, हमारे समुदायों, हमारे सहयोगियों और हमारे शेयरधारकों का विश्वास जीतता है।

## इस खंड में:


- भ्रष्टाचार का सामना करना
- अपराधों से लड़ना
- उचित प्रतिस्पर्धा
- हितों के टकराव से बचना
- उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य का आदान-प्रदान
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय करना

# भ्रष्टाचार का सामना करना

## लक्ष्य

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जीतना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

भ्रष्टाचार समुदायों को आहत करता है। जो लोग रिश्वत स्वीकार करते हैं, वे व्यक्तिगत लाभ (जैसे उपहार, यात्रा, भोजन और नकदी) को गुणवत्ता के काम से अधिक महत्व देते हैं।यदि आप किसी व्यापारिक निर्णय को अनुचित तरीके से करने के लिए पैसा (या मूल्य का कुछ भी) देते हैं, तो यह हमारे मूल्यों के विरुद्ध जाता है - भले ही आप इसे अपनी नहीं कंपनी की मदद करने के लिए करते हैं।

रिश्वत, एक इंस्पेक्टर से खतरनाक हिस्से की अनदेखी करवा सकती है या किसी खरीदार को एक अयोग्य आपूर्तिकर्ता से खरीदने के लिए मना सकती है। यह हमारे काम करने का तरीका नहीं है। हम हमेशा ईमानदारी के साथ काम करते हैं। हम कभी रिश्वत नहीं देते - या कभी रिश्वत स्वीकार नहीं करते हैं - और हम कुछ भी अनुचित होने से भी बचते हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**अन्य पक्षों को जानना।** *आप एक आपूर्तिकर्ता का चयन कर रहे हैं और बुद्धिमानी से चुनना चाहते हैं, इसलिए आप हमारी विक्रेता जांच और बोली प्रक्रिया का पालन करते हैं, व्यापार पंजीकरण और सार्वजनिक दस्तावेजों की जांच करते हैं, व्यापारिक मान्यताओं का सत्यापन करते हैं, पिछले ग्राहकों से बात करते हैं, नमूने मांगते हैं और एक सूचित निर्णय लेने के लिए इंटरनेट पर खोज करते हैं। अच्छे कदम?* बिल्कुल। हम हमेशा ईमानदारी को महत्तवपूर्ण मानने वाले आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करना चाहते हैं और हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के पूर्व कार्य और प्रतिष्ठा की जांच करते हैं। हम इसे "उचित जांच-पड़ताल" कहते हैं। सुनिश्चित करें कि वे समझते हैं कि वे आपके लिए रिश्वत की पेशकश नहीं कर सकते या नहीं दे सकते हैं। अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद की चेतावनी के संकेतों के लिए भी देखें।

**सटीक रिकॉर्ड रखना।** *आप एक खर्च की रिपोर्ट की समीक्षा कर रहे हैं और देखते हैं कि प्रत्येक लेनदेन का विस्तार से विवरण दिया गया है ... सिवाय एक को छोड़कर। यह संदेहास्पद लगता है, इसलिए आप अधिक जानकारी देने के लिए कहते हैं।* अच्छा काम। यह गलती से हो सकता है, या शायद कोई व्यक्ति कुछ छिपाने की कोशिश कर रहा है। और अधिक पता लगाना सबसे अच्छा तरीका है। आप ऐसे किसी चीज की अनुमति देना नहीं चाहेंगे जो रिश्वत हो सकती है।

> **हम रिश्वत न देकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं ...**
> **यह हमारे समुदायों को बेहतर बनाने में मदद करता है।**

## सावधानी।

**निमंत्रण स्वीकार करना।** *एक नया ग्राहक आपके दोपहर के भोजन की मेजबानी करना चाहता है। क्या आपको स्वीकार करना चाहिए?* एक नए ग्राहक के साथ दोपहर के एक सस्ते भोजन के लिए मेजबानी को स्वीकार करना शायद ठीक है यदि यह नीति के अंदर हो। बेहतर विकल्प यह है कि आप अपने दोपहर के भोजन के लिए खुद भुगतान करें और इसके लिए खर्च करें। इस तरह, आप इस धारणा से बचते हैं कि आप प्रभावित होने के लिए खुले हैं।

**सरकारी कर्मचारियों को देना।** *आपने हाल ही में एक निर्माण परमिट आवेदन पूरा किया है। संबंधित सरकारी एजेंसी छुट्टियों के मौसम में इसका मूल्यांकन करेगी - जिसके दौरान आप अपने सभी संपर्कों को फल की टोकरी देने की योजना बनाते हैं। यह सही समय है, क्या यह सही है?* यह गलत है। हम सरकारी अधिकारियों और यहां तक कि उनके रिश्तेदारों को क्या दे सकते हैं या क्या पेश कर सकते हैं के लिए नियम बहुत सख्त हैं। इससे पहले कि आप किसी भी मूल्य की किसी वस्तु की पेशकश करें, हमारी नीति देखें और अनुमति प्राप्त करें। हालांकि आपका इरादा ऐसा नहीं है, फिर भी आपका उपहार रिश्वत की तरह लग सकता है।

## गलत तरीका।

**रिश्वत को मान्यता नहीं।** *आपका आपूर्तिकर्ता कहता है कि कुछ कंटेनर सीमा शुल्क द्वारा रोक कर रखे जा रहे हैं। वह एक छोटे से नकद शुल्क का भुगतान करने की सलाह देता है ताकि आप निरीक्षण से बच सकें। यह आम है और हर कोई ऐसा करता है। आपकी टीम की एक बैठक हुई और इसमें हर कोई ऐसा करने के लिए सहमत है। डिलीवरी देर से ना हो, यह सुनिश्चित करने के लिए आप भुगतान को अधिकृत करते हैं। समय बचाना हमेशा अच्छा है, क्या यह ठीक है?* इस मामले में नहीं। शुल्क देकर सीमा शुल्क से कंटेनरों को तेजी से प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन हम इस तरीके से व्यापार नहीं करते हैं। नकदी के लिए अनुरोध पहला सुराग था कि यह रिश्वत हो सकती है। प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अनुमति या आधिकारिक शुल्क होना चाहिए। अगले चरणों पर चर्चा करने के लिए विधि विभाग से संपर्क करें।




## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### नहीं जानते कि क्या यह रिश्वत है?

याद रखें कि किसी व्यावसायिक निर्णय को बदलने के लिए ऐसा कुछ भी जिसका कोई मूल्य हो रिश्वत हो सकती है। उदाहरणों में शामिल हैं:

- **एक विशेष छूट**
- **एक खेल आयोजन के लिए टिकट**
- **एक महंगे रेस्तरां में डिनर**
- **एक नौकरी की पेशकश या इंटर्नशिप**
- **नकदी जैसा कुछ (जैसे उपहार कार्ड या ऋण)**
- **धर्मार्थ दान**

अपने आप से पूछें: क्या कोई व्यक्ति व्यापार के अनुकूल निर्णय के बदले में यह पेशकश या अनुरोध कर रहा है? यदि उत्तर "हाँ" है, तो आपकी प्रतिक्रिया "नहीं, धन्यवाद" होनी चाहिए।

## गैरेज

# अपराधों से लड़ना

## लक्ष्य

अपराध से लड़कर हमारी कंपनी, अर्थव्यवस्था और समुदायों को सुरक्षित रखना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम धन शोधन को रोककर अपराध से लड़ते हैं, यह तब होता है जब अपराधी अवैध गतिविधियों से बने धन को कानूनी व्यापारों (जैसे हमारा) के माध्यम से स्थानांतरित करते हैं। उनका लक्ष्य अपने धन की उत्पत्ति को छिपाना है ताकि वे सजा से बच सकें और अपने बुरे व्यवहार को जारी रख सकें।

हम अच्छे निर्णय का उपयोग करके, अपने ग्राहकों को जानकर और आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करते समय अधिक ध्यान देकर अपराध से लड़ते हैं - खासकर यदि लेनदेन में नकदी शामिल है। सतर्क रहकर और कुछ संदिग्ध लगने पर बोलकर, हम धन शोधन को रोकने और अपने आस-पास के लोगों को सुरक्षित रखने में मदद कर रहे हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**संकेतों को जानना।** *आपके ग्राहकों में से एक ने बहुत अधिक भुगतान किया है। वे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। जब आप उनसे इसके बारे में कहते हैं, तो वे आपको, उनके अगले ऑर्डर में इसका समायोजन करने के लिए कहते हैं। आप इससे असहज महसूस करते हैं, इसलिए आप ऐसा करने की बजाय अपने प्रबंधक को इसकी रिपोर्ट करते हैं। क्या यह सही विकल्प है?* बिल्कुल। यह गलती हो सकती है, लेकिन इससे सुरक्षित रहना सबसे अच्छा है। अधिक भुगतान करना धन शोधन का संकेत हो सकता है। मार्गदर्शन मांगकर आपने सही काम किया है।

## सावधानी।

**हम वही करते हैं जो सही है और हम जवाबदेह हैं।**

**प्रश्न पूछना।** *आप एक ग्राहक को अच्छी तरह से जानते हैं, वह कुछ दोषपूर्ण उत्पादों को खरीदने में रुचि दिखाता है। क्या इसके लिए आगे बढ़ना ठीक है?* शायद, लेकिन आपके लिए ग्राहक को जानना महत्वपूर्ण है और यह भी कि वे हमारे उत्पादों का उपयोग कैसे करेंगे। कुछ कंपनियां दोषपूर्ण उत्पादों को कबाड़ के रूप में खरीदती हैं और यह जानते हुये भी कि दोषयुक्त उत्पाद बेचना गैर-कानूनी है, उन्हें फिर से बाजार में पहुंचा देती हैं। हमारे उत्पादों के दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियों के अन्य रूपों से बचने के लिए, अपने आप से पूछें कि क्या दूसरा पक्ष:

- नकद में भुगतान करने का प्रयास कर रहा है
- चालान में दिखायी गयी मुद्रा से अलग मुद्रा में भुगतान कर रहा है
- जिस देश से भुगतान दिया गया उस देश के बजाय अन्य देश के लिए जहाज भेजने का अनुरोध कर रहा है
- रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं से बचने का प्रयास कर रहा है
- कोई ऐसा व्यक्ति भुगतान कर रहा है जो लेन-देन में पक्षकार नहीं है
- उनके लेन-देन के तरीके में बड़ा बदलाव हो रहा है

यदि आप इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर "हां" में देते हैं, तो एक प्रबंधक से, या व्यापार अनुपालन विभाग से बात करें। ये सभी संभावित धन शोधन के संकेत हैं और हमें उनके बारे में जानना चाहिए।

## गलत तरीका।

**चुप रहना।** *एक तीसरा पक्ष एक संघर्ष कर रहे वितरक के लिए भुगतान कर रहा है। आप नुकसान नहीं चाहते हैं, इसलिए आप भुगतान स्वीकार करते हैं। क्या आपको चिंतित होना चाहिए?* हाँ। भुगतान करने वाली असंबंधित पार्टी संदेहास्पद लगती है। विवरण के लिए वितरक से संपर्क करें। यदि आपको अभी भी चिंता है, तो इसकी रिपोर्ट करें। आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम इस कंपनी के साथ व्यापार कर सकते हैं और यह कि वे ईमानदारी के साथ कार्य करने की हमारी प्रतिबध्दता से सहमत हैं।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### और कुछ जानना है?

हां, हमेशा सम्मानित आपूर्तिकर्ताओं और अन्य पार्टियों का चयन करें, बैंक खाते के स्वामित्व का सत्यापन करें और यदि आपके पास प्रश्न हैं, तो पूछें।

## गैरेज



# उचित प्रतिस्पर्धा

## लक्ष्य

हमारी अपनी योग्यता के आधार पर जीतना और निष्पक्ष रूप से जीतना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम मानते हैं कि मुक्त और निष्पक्ष प्रतियोगिता एक संपन्न बाजार बनाती है। यह हमारे उद्योग के भीतर आधुनिकीकरण भी लाती है - जैसे नवीन उत्पाद और सेवायें और व्यापार करने के नए तरीके, जो हमारे ग्राहकों को खुश करते हैं।

तो, जब हम निष्पक्ष प्रतियोगिता कहते हैं, तो हमारा क्या मतलब है? हमारे लिए, यह सब ईमानदारी और नैतिक रूप से काम करने के बारे में है। हम आगे बढ़ने के लिए अनैतिक व्यावसायिक प्रथाओं (जैसे हमारे प्रतिस्पर्धियों के बारे में झूठ बोलना या बाजार से नई कंपनियों को बाहर निकालने की कोशिश करना) का सहारा नहीं लेते हैं। इसके बजाय, हम अपने उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को हमारी सफलता का मार्ग बनाते हैं - इससे अधिक और इससे कम कुछ भी नहीं। और हम अनुचित प्रतिस्पर्धा प्रथाओं की उपस्थिति से भी बचते हैं।

**हमारा मानना है कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा हमारे व्यवसाय की सफलता के लिए मूलभूत है।**

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**अनुचित समझौतों से बचना।** *एक प्रतियोगी आपसे बिक्री में गिरावट के बारे में शिकायत करता है और सुझाव देता है कि आप दोनों अपनी कीमतें बढ़ाएँ। आप जानते हैं कि यह अनुचित है, इसलिए आप उन्हें बंद कर देते हैं और तुरंत बातचीत की रिपोर्ट करते हैं। क्या यह सही तरीका है?* बहुत सही। हम सही तरीके से जीतते हैं - ईमानदारी से, नैतिकता से और हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ। इसका मतलब यह है कि हम किसी भी अनुचित समझौते में कभी भी प्रवेश नहीं करके मुक्त बाजार का सम्मान करते हैं। यह स्पष्ट करें कि आप इस विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, बातचीत को समाप्त करें, फिर कानून विभाग से तुरंत संपर्क करें।

**दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना।** *आप जानते हैं कि हमारी उत्पाद विकास टीम एक प्रतियोगी द्वारा हाल ही में पेश किए गए नए उत्पाद सुविधाओं की नकल बनाने की योजना बना रही है। आप जानते हैं कि नकल करना हमेशा बुरा नहीं होता है, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि विधि विभाग हमारी नई उत्पाद योजनाओं से अवगत है, जिससे कि हम प्रतियोगी के किसी भी पेटेंट का उल्लंघन करने से बच सकें, भले ही इसका मतलब यह हो कि हम समान सुविधाओं की पेशकश नहीं कर सकते। यह सही है?* बिल्कुल। हम पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और व्यापार रहस्य सहित दूसरों के वैध और प्रवर्तनीय बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करते हैं। नए उत्पादों, नए उत्पाद की विशेषताओं और नए ब्रांडों को पेश करते समय विधि विभाग को शामिल करना सुनिश्चित करें।

## सावधानी।

**प्रतिस्पर्धी जानकारी एकत्र करना।** *आपको उत्पाद लॉन्च की तैयारी के लिए कुछ प्रतिस्पर्धी खुफिया जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है। क्या यह ठीक है?* हां, प्रतिस्पर्धी जानकारी एकत्र करने को प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन इसे सही तरीके से किया जाना चाहिए। केवल उन ईमानदार तरीकों और दस्तावेज़ों का उपयोग करना सुनिश्चित करें जिन्हें आपने सार्वजनिक स्रोतों से प्राप्त किया है।

**प्रतिस्पर्धियों के कर्मचारियों को नियुक्त करना।** *आपके पास अपने समूह में एक नौकरी है और आपके पास एक प्रतिस्पर्धी का एक उम्मीदवार है जिसके पास उद्योग का बहुत अच्छा अनुभव है। क्या उसे नियुक्त करना ठीक है?* शायद। यद्यपि हम विभिन्न व्यावसायिक या तकनीकी क्षेत्रों में ज्ञान और अनुभव वाले व्यक्तियों को नियुक्त कर सकते हैं, लेकिन हम लोगों को, व्यापार रहस्य और दूसरों की संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के साधन के रूप में नियुक्त नहीं करते हैं। जोखिम को समझने के लिए मानव संसाधन या विधि विभाग के साथ काम करें और यह सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपाय करें कि टीम के सदस्य अपने पूर्व नियोक्ताओं की गोपनीय जानकारी का खुलासा न करें।

## गलत तरीका।

**प्रतिस्पर्धी रूप से संवेदनशील जानकारी की रक्षा करना।** *आप एक ऐसे दोस्त के साथ डिनर पर हैं, जो प्रतियोगी के लिए काम करता है। वे रणनीति साझा करने का सुझाव देते हैं ताकि आप दोनों अपने बिक्री लक्ष्यों को पूरा कर सकें। एक दोस्त के लिए कुछ भी कर सकते हैं, क्या यह सही है?* नहीं। हम प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी की रक्षा करते हैं और इसे बिना अनुमति और उचित सुरक्षा उपायों के किसी के साथ साझा नहीं करते हैं।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### मुझे किन वार्तालापों से बचना चाहिए?

प्रतियोगियों के साथ वार्तालाप को छोटा और सामान्य रखें - जैसे मौसम और खेल, व्यवसाय नहीं। यदि वे मूल्य निर्धारण, उत्पादन, विपणन, माल, उत्पाद विकास, बिक्री क्षेत्र, लक्ष्य या अन्य स्वामित्व या गोपनीय जानकारी के बारे में बातचीत शुरू करते हैं, तो बातचीत समाप्त करें और वहाँ से हट जाएं।

## गैरेज



# हितों के टकराव से बचना

## लक्ष्य

प्रभावित होने (या यहां तक कि इसकी धारणा) से बचना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

आइए इसका सामना करते हैं, हमारी नौकरियों से बाहर भी हम सभी के हित और रिश्ते हैं। लेकिन जब ये व्यक्तिगत हित हमारे व्यापारिक निर्णयों को प्रभावित करते हैं, तो यह हानिकारक हो सकता है। हम इसे हितों का टकराव कहते हैं। हितों का टकराव आपकी प्रतिष्ठा और कंपनी को नुकसान पहुंचा सकता है।

एक टीम के रूप में आगे बढ़ने के लिए, हमें एक टीम के रूप में काम करने की जरूरत है। आइए प्रत्येक व्यक्ति अपने हिस्से के टकराव से बचने का प्रयास करे और हमेशा Tenneco के सर्वोत्तम हित में कार्य करें। हम ऐसे निर्णय लेते हैं जो वस्तुनिष्ठ और प्रभाव-मुक्त हों। यह समझना कि हितों के टकराव क्या हैं और कब वे आम तौर पर उत्पन्न होते हैं, उनसे बचने की कुंजी है। किसी भी ऐसी चीज़ से बचना सबसे अच्छा है, जिससे यह लगे कि आपके निर्णय को प्रभावित किया जा रहा है।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**टकराव को पहचानना।** *आपकी भतीजी आपके सहायक के रूप में नौकरी चाहती है। आप जानते हैं कि वह योग्य है लेकिन उसे बताएं कि इससे आप पक्षपाती लगेंगे - जो टीम के लिए बुरा है। आप इसके बजाय अन्य विभागों में रिक्तियों का सुझाव देते हैं। सही प्रतिक्रिया?* हाँ। संभावित टकरावों की पहचान करना महत्वपूर्ण है और एक रिश्तेदार को सुपरवाईज करना या उसके साथ व्यवसाय करना इसी श्रेणी में है।



## सावधानी।

**टकरावों का खुलासा करना।** *एक प्रतियोगी ने अभी-अभी यह घोषणा की है कि आपकी पत्नी ने उनके साथ एक पद स्वीकार कर लिया है। यह जश्न मनाने का समय है, क्या यह ठीक है?* लगभग। यह एक संभावित टकराव हो सकता है। सुनिश्चित करें कि इसका जश्न मनाने से पहले आप कंपनी को उनकी नई स्थिति के बारे में बताते हैं।

## गलत तरीका।

**टकरावों का खुलासा नहीं करना।** *आप को जानकारी प्राप्त होती है कि आपका प्रबंधक हमारे एक आपूर्तिकर्ता के निदेशक मंडल में है। जब आप अपने प्रबंधक से इसके बारे में पूछते हैं, तो वह कहता है कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। क्या आपको कुछ कहना चाहिए?* हाँ। आप अपने प्रबंधक को हितों के टकराव के फॉर्म को भरने और मानव संसाधन को देने के लिए याद दिला सकते हैं। नियंत्रण की आवश्यकता हो सकती है। उदाहरण के लिए, आपके प्रबंधक को आपूर्तिकर्ता के लिए बोली, चयन या भुगतान प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहिए।



## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### "हितों का टकराव" क्या है?

इसके कई परिदृश्य हो सकते हैं, लेकिन यहां कुछ उदाहरण दिए गए हैं:

- प्रतियोगी के लिए काम करना
- आपूर्तिकर्ता से उपहार, मनोरंजन या यात्रा
- हमारे विक्रेताओं में से किसी में वित्तीय निवेश
- किसी मित्र या प्रियजन के साथ एक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रिपोर्टिंग संबंध
- किसी ग्राहक के लिए "अलग से" परामर्श कार्य
- आपका रिश्तेदार किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के लिए काम करता है या वो निदेशक मंडल में है

## गैरेज

# उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य का आदान-प्रदान

### लक्ष्य

कभी भी कुछ अनुचित देना या प्राप्त नहीं करना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

एक सामयिक उपहार या मनोरंजन या आतिथ्य का प्रस्ताव व्यवसाय करने का एक सामान्य हिस्सा हो सकता है। लेकिन कभी-कभी उपहार या अन्य प्रस्ताव सीमा को पार करते हैं। ऐसा प्रस्ताव ना कभी दें ना स्वीकार करें जो:

- बदले में एक दायित्व बनाता है या एहसान करने के लिए दिया जाता है
- नकद या नकद के समान हो, जैसे कि गिफ्ट कार्ड
- परिस्थिति के अनुसार अधिक है या दूसरों को लगता है कि आप प्रभावित हो रहे हैं

कभी-कभी यह जानना मुश्किल हो सकता है कि कोई प्रस्ताव कब उचित है, इसीलिए हमारे पास इसके लिए दिशानिर्देश हैं। सुनिश्चित करें कि आप नियमों का पालन करते हैं और किसी विशेष प्रतिबंध के बारे में जानते हैं। उदाहरण के लिए, एक सरकारी अधिकारी को मूल्यवान ***कुछ भी*** देना एक गैर-कानूनी रिश्वत के रूप में देखा जा सकता है, इसलिए विधि विभाग से इसके लिए स्वीकृति की आवश्यकता होती है। जब भी सही काम के लिए अस्पष्ट हों हमेशा मदद मांगे। यदि आप एक उपहार स्वीकार करते हैं, तो आपको इसकी रिपोर्ट भी करनी होगी।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**"नहीं" कहना।** *आप एक ग्राहक से आपके और आपके जीवनसाथी के लिए FIFA Soccer World Cup की टिकट प्राप्त करते हैं। आप जानते हैं कि आप स्वीकार नहीं कर सकते हैं, इसलिए आप उन्हें वापस करते हैं और हमारी नीति को विनम्रता से समझाते हैं। क्या यह सही तरीका है?* हां। उचित विवेक का उपयोग करें, हमेशा ईमानदारी का प्रयोग करें और किसी भी ऐसे प्रस्ताव को ना करें जो आपको अनुचित लगे या जिसके अनुचित होने कि आपको जानकारी हो।

## सावधानी।

**उनकी नीतियों का सम्मान करना।** *छुट्टियां आ रही हैं और आप एक ग्राहक को $50 (3500 INR) की गिफ्ट की टोकरी भेजना चाहते हैं। यह ठीक होना चाहिए, है ना?* यह निर्भर करता है। कभी-कभी ग्राहकों के नियम सख्त होते हैं और उपहारों की अनुमति नहीं होती है। आप नहीं चाहेंगे कि आपका ग्राहक आपके उपहार के कारण असहज महसूस करे और परेशानी में पड़े। इसके अलावा हमारे अनुबंधों में आमतौर पर हमें उनके नियमों का सम्मान करने की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में, एक अन्य तरीका खोजें - जैसे उत्सव का एक ईमेल भेजें - छुट्टियों के मौसम के दौरान अपने रिश्ते को बनाने के लिए।

## गलत तरीका।

**सरकारी अधिकारियों को देना।** *आप एक ट्रेड शो के बाद एक सरकारी अधिकारी से मिलते हैं। आप दोनों लॉस वेगास को पसंद करने के बारे में बात करना शुरू करते हैं और उत्तेजना में, आप सुझाव देते हैं कि हमारी कंपनी उन्हें सप्ताहांत की यात्रा पर भेजने के लिए तैयार हो सकती है। इससे हमें अपने प्रतिस्पर्धियों से अलग खड़े होने में मदद मिलनी चाहिए, है ना?* हां, लेकिन अच्छे तरीके से नहीं। सरकारी अधिकारियों के लिए उपहार के बारे में कड़े नियम हैं और यह काफी बड़ी पेशकश है। आपको विधि विभाग में किसी के साथ बात करने की आवश्यकता है ताकि हम तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई कर सकें।



## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### किस प्रकार के उपहार स्वीकार्य हैं?

दिया या प्राप्त किया गया उपहार या मनोरंजन:

- कानूनी रूप से स्वीकार्य हो
- सही से दर्ज किया जाए
- मूल्य में छोटा और कभी-कभी हो
- उचित व्यावसायिक उद्देश्य से हो
- उद्योग और स्थान के अनुसार और स्वीकार्य हो
- देने और लेने वाले दोनों की नीतियों का सम्मान हो
- Tenneco की छवि किसी भी प्रकार से ख़राब ना हो
- कभी भी कैश, गिफ्ट कार्ड, चेक, लोन या स्टॉक नहीं होना चाहिए
- अपने को या Tenneco को कभी भी समझौता करने की स्थिति में नहीं रखे

## गैरेज

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय करना

## लक्ष्य

सम्मान अर्जित करना क्योंकि हमारे उत्पाद और लोग दुनिया भर में यात्रा करते हैं।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करना एक विशेष लाभ है - जो हमारे व्यापार के लिए कई रोमांचक रास्ते और हमारे ग्राहकों के लिए नयी पेशकश प्रदान करता है। हम आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन कानूनों का पालन करके इन लाभों को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

आइए, हम सभी शीर्ष पर बने रहने के लिए जो भी आवश्यक कार्य हैं उसको करें और हमारे ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम प्रदान करें। एक बुरा निर्णय या गलती हमें दुनिया भर में उत्पादों को वितरित करने के हमारे अवसर से वंचित कर सकता है।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**अंतर्राष्ट्रीय नियमों का सम्मान करना।** *आप एक नए देश में बेचना शुरू करना चाहते हैं, लेकिन उस देश के कानूनों को समझना मुश्किल है। आप मदद के लिए विधि विभाग से संपर्क करें। क्या यह सही विकल्प है?* बिल्कुल। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करना जटिल हो सकता है, खासकर जब आपको कई तरह के नियमों का पालन करना पड़े। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे उत्पाद, लेबलिंग और संचालन उनका अनुपालन करते हैं, आपको उत्पाद आवश्यकताओं पर शोध करना और उस देश के कानूनों को समझना होगा। सौभाग्य से, आपकी मदद करने के लिए आपके पास एक पूरी कानूनी और कॉर्पोरेट टीम है।

## सावधानी।

**निर्यात को उचित तरह से संभालना।** *आप एक नया उत्पाद निर्यात कर रहे हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई इसमें शामिल है। आप जांच करते हैं और यह सब सही है। क्या यह भेजने के लिए तैयार है?* लगभग। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक आइटम को सही तरीके से वर्गीकृत किया गया है अपनी अनुपालन टीम के साथ जांच करें और यह सुनिश्चित करने के लिए दोबारा जांच करें कि इस शिपमेंट की अनुमति है। यह मुश्किल हो सकता है और कुछ बातों पर विस्तार से ध्यान देने की आवश्यकता है जैसे कि निर्यात आवश्यकताओं को समझना, यह जांच करना कि गंतव्य एक प्रतिबंधित देश नहीं है और उत्पाद को जानना और इसका उपयोग कौन करेगा।

**व्यवसाय के अवसरों का मूल्यांकन करना।** *आप एक कंपनी के साथ व्यापार करने पर विचार कर रहे हैं, जो ऐसे देश में है जहां हमने पहले कभी काम नहीं किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे सम्मानित हैं आप कुछ शोध करते हैं। क्या अब आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं?* इतना काफी नहीं है। कुछ ऐसे देश हैं जिनके साथ हमें व्यापार करने की अनुमति नहीं है और वे राजनीति के आधार पर बदलते हैं। निषिद्ध देशों की नवीनतम सूची के लिए हमारी नीति देखें। यह जेल, जुर्माना या निर्यात करने की क्षमता खोने से बचने में मदद करता है। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए भी हमारी विक्रेता स्क्रीनिंग प्रक्रिया का पालन करना होगा कि विक्रेता हमारे बुनियादी मूल्यों का पालन करेगा, कंपनी की जानकारी की रक्षा करेगा, रिश्वत से बचेगा और प्रतियोगियों के साथ उचित प्रकार से काम करेगा।

**हम सभी लागू व्यापार कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं।**




## गलत तरीका।


**बहिष्कार की अनदेखी करना।** *आपको एक ईमेल मिलता है जिसमें आपसे यह प्रमाणित करने के लिए कहा जाता है कि कुछ उत्पाद इज़राइल से नहीं आते हैं क्योंकि वे ईरान जाने वाले वाहनों में शामिल होंगे। आप जानते हैं कि हम ईरान को नहीं बेच सकते क्योंकि यह एक प्रतिबंधित देश है, इसलिए आप ऑर्डर को मना करने के लिए अपना संदेश लिख कर, संदेश "भेजने" को तैयार हैं। क्या यह भेजना ठीक है?* नहीं, इसे रोकें। आप सही हैं, लेकिन आपको कुछ और भी करने की आवश्यकता है। हमें बहिष्कार से संबंधित किसी भी अनुरोध के बारे में अमेरिकी सरकार को रिपोर्ट करने की आवश्यकता है, भले ही हम अनुरोध का पालन न करें। इजरायल के संबंध में अनुरोध बहिष्कार अनुरोध के रूप में योग्य है। सहायता के लिए विधि विभाग से तुरंत संपर्क करें।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करते समय, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार टीम के साथ काम करें:

- अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन को पूरी तरह से और सही ढंग से दस्तावेजित/प्रलेखित करें।
- हमारे उत्पादों को निर्यात या पुनः निर्यात करने से पहले आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करें।
- सभी तीसरे पक्षों की उचित रूप से जाँच परख करें।

## गैरेज




# हमारे ग्राहकों और समुदायों का ख्याल रखना

हमनें जो कुछ भी किया है हमें उस सब पर गर्व है, हमारा लक्ष्य हमेशा आने वाले कल को - हमारे ग्राहकों, हमारी कंपनी और हमारे समुदाय के लिए बेहतर बनाना है। वापिस देकर और भविष्य के लिए बनाने पर ध्यान केंद्रित करके - हम आने वाले कल की समस्याओं को ... आज हल करना जारी रखते हैं।

## इस खंड में:

- सुरक्षित, गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाना
- ईमानदारी से मार्केटिंग करना
- जिम्मेदारी के साथ संवाद करना
- मानव अधिकारों की रक्षा करना
- पर्यावरण की रक्षा करना
- समुदाय को वापस देना

# सुरक्षित, गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाना

## लक्ष्य

जब भी ग्राहक Tenneco को चुनते हैं उनको सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में अत्यधिक परवाह करते हैं, इसलिए हम यह सुनिश्चित करते हैं कि अपने उत्पाद पेश करते समय हम अपने आंतरिक मानकों के साथ-साथ कानूनों और नियमों द्वारा निर्धारित किए गए मानकों को पूरा करते हैं या उससे अधिक करते हैं।

गुणवत्ता और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करके, हम ऐसे उत्पाद प्रदान करते हैं जिन पर ग्राहक भरोसा कर सकते हैं और एक नाम जिस पर वे भरोसा कर सकते हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**गुणवत्ता और सुरक्षा पर जोर देना।** *किसी का सुझाव है कि आप कुछ उत्पादों को समय पर भेजने के लिए पूर्व-उत्पादन अनुमति प्रक्रिया को छोड़ दें। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपकी टीम समयानुसार कार्य पूरा नहीं कर पाएगी। आप तब भी आवाज उठाते हैं। क्या यह सही विकल्प था?* हां यह था। हम एक समय सीमा या लक्ष्य को पूरा करने के लिए गुणवत्ता का बलिदान कभी नहीं करते हैं। आवाज उठाकर, मामले को सुधारा जा सकता है, जो हमारे ग्राहकों और हमारी कंपनी की रक्षा करता है और हमेशा ईमानदारी के साथ काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को कायम रखता है।

## सावधानी।

**आप जो देखते हैं उसकी रिपोर्टिंग करना।** *आप देखते हैं कि पिछली पाली के बाद एक मशीन की कोई जांच नहीं की गई थी। आप यह सुनिश्चित करने के लिए फिर से मशीन की जांच करते हैं कि यह ठीक से काम कर रही है। क्या यह सही कदम है?* हां, लेकिन अपने प्रबंधक को इसकी रिपोर्ट करना भी सुनिश्चित करें। कंपनी में यह सुनिश्चित करना सभी का काम है कि निर्मित उत्पाद आवश्यक मानक विवरणों के अनुसार हो और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हमारे उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित हैं।

## गलत तरीका।

**जल्दबाजी करना।** *आपको पता चलता है कि उत्पाद पर हम जो परीक्षण करते हैं, उनमें से एक को उत्पादन लाइन में पहले दोहराया गया है, इसलिए आप डिलीवरी में तेजी लाने के लिए पहला परीक्षण छोड़ देते हैं। चतुरता पूर्ण सोच?* बिल्कुल नहीं। एक आवश्यक परीक्षण को छोड़ना कभी भी ठीक नहीं है। यदि आपके पास चीजों को तेजी से करने के लिए उपाय हैं, तो उन्हें साझा करें। लेकिन जब तक आपके उपाय स्वीकृत नहीं हो जाते, निर्धारित योजना के अनुसार कार्य करें। अन्यथा, आप हमारे ग्राहकों की सुरक्षा को जोखिम में डालते हैं।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में अतिरिक्त सुझाव:

- नए नियमों के लिए सतर्क रहें और जरूरत पड़ने पर प्रमाणित करवाएँ।
- सुनिश्चित करें कि सभी विक्रेता हमारी आवश्यकताओं या उससे अधिक को पूरा करते हैं।
- हमारे उत्पादों की सुरक्षा के लिए आपके द्वारा महसूस किए गए किसी भी उल्लंघन या किसी भी खतरे की रिपोर्ट करें।

उत्पाद से छेड़छाड़ संभावित रूप से खतरनाक और गैर-कानूनी है और हमारी संहिता का उल्लंघन है। यह आवश्यक है कि हम इसकी तह तक पहुँचें।

## गैरेज



# ईमानदारी से मार्केटिंग करना

### लक्ष्य

हमारी प्रतिष्ठा और हमारे ब्रांड का निर्माण करना।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे


हम सब कुछ ईमानदारी के साथ करते हैं - और इसमें हमारे उत्पादों की मार्केटिंग और विज्ञापन भी शामिल है। विज्ञापन में ईमानदारी का मतलब है कि हम अपने उत्पादों के बारे में सटीक, निष्पक्ष, संतुलित जानकारी प्रदान करते हैं। यह सुनिश्चित करके कि हमारे उत्पादों के बारे में सभी दावे सही हैं और तथ्यों द्वारा समर्थित हैं, हम ग्राहकों का विश्वास बढ़ाते हैं और अपने ब्रांड को मजबूत करते हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**उत्पाद के लिए दावा करना।** *आप विज्ञापन देना चाहते हैं कि हमारा नया उत्पाद प्रतिस्पर्धी उत्पादों से बेहतर है और यह प्रतियोगियों से 20% बेहतर प्रदर्शन करता है। यद्यपि आपको एक बड़े व्यापार शो के पहले विज्ञापन को जल्दी से प्राप्त करने की आवश्यकता है, आप विज्ञापन को लॉन्च करने से पहले तुलना परीक्षण करने के लिए हमारे इंजीनियरों के साथ काम करने के लिए समय देते हैं। क्या यह अच्छा फैसला था?* हां बिल्कुल। हम अपने उत्पादों के प्रदर्शन के बारे में झूठे या निराधार दावे नहीं करते हैं। दावों को प्रमाणित करने के लिए अक्सर निष्पक्ष परीक्षण करने की आवश्यकता होती है, इसलिए आप जो दावा करना चाहते हैं, उसे प्रमाणित करने के लिए आवश्यक परीक्षण के प्रकार को समझने के लिए विधि विभाग के साथ काम करें।

## सावधानी।

**हमारा नाम साफ़ करना।** *एक प्रतियोगी ने हमारे उत्पादों के बारे में दावे किए हैं जो सच नहीं हैं। आप अपनी टीम को अधिक सटीक, निष्पक्ष और संतुलित जानकारी वाले विज्ञापन के लिए कहते हैं। क्या यह सही कदम है?* हां, यह इसे सही करने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। लेकिन विधि विभाग के साथ बात करना सुनिश्चित करें। हमारे उत्पादों के बारे में झूठे दावे करना अनैतिक है और इसके खिलाफ लड़ने के लिए हम और भी कुछ कर सकते हैं।



## गलत तरीका।

**असत्यापित जानकारी प्रदान करना।** *आप प्रचार सामग्री तैयार कर रहे हैं और हमारे एक उत्पाद के संभावित लाभ को उजागर करना चाहते हैं। यह अभी तक पर्याप्त अनुसंधान द्वारा समर्थित नहीं है, लेकिन अभी एक अध्ययन चल रहा है और अब तक के परिणाम अच्छे रहे हैं, इसलिए आप इसे शामिल करते हैं। क्या मैं प्रतिभाशाली हूं?* नहीं। हम हमेशा पूरी जानकारी प्रदान करके अपने ग्राहकों (और अपने ब्रांड) की रक्षा करते हैं। अध्ययन समाप्त होने तक प्रतीक्षा करें और विज्ञापनों में इसका उपयोग करने से पहले दावों को सत्यापित किया जा सकता है।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### ध्यान में रखने लायक कोई और चीज?

जब दावों का सत्यापन करने, विपणन सामग्रियों की समीक्षा करने या हमारे द्वारा उद्धृत स्रोतों की सटीकता की पुष्टि करने की बात आती है तो हम - जांचते हैं और फिर से जांचते हैं।

## गैरेज



# जिम्मेदारी के साथ संवाद करना

### लक्ष्य

हमारी कंपनी के बारे में स्पष्ट और सुसंगत संदेश भेजना।

### हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हमारे पास साझा करने के लिए बहुत सारी शानदार कहानियाँ हैं। वापस देने, ग्राहकों की मदद करने और नवीन समाधान बनाने की कहानियां। ये हमें गर्वित करती हैं और हम चाहते हैं कि दुनिया इसको जाने।

इसलिए हमारे पास टीम के सदस्य हैं जो Tenneco की ओर से संवाद करने को अपना काम बनाते हैं। वे सुसंगत, सटीक और पूर्ण तरीकों से ऐसा करते हैं।

अपना हिस्सा करने के लिए, आपको उनके काम में उनकी मदद करनी होगी। सभी मीडिया पूछताछ संवाद टीम को अग्रेषित करें। आप जो भी ऑनलाइन पोस्ट करते हैं, उसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें और अगर आपको लगता है कि कोई हमारे ब्रांड को गलत तरीके से पेश कर रहा है, आवाज उठाएँ।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**यह जानना कि कहाँ मुड़ना है।** *आपको हमारे एक उत्पाद के बारे में शिकायत करने वाला एक सोशल मीडिया पोस्ट दिखायी देता है। आप जानते हैं कि आप इसका तुरंत जवाब देकर इसे हल कर सकते हैं। हालाँकि, आप यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा संदेश संगत हो, इसलिए आप इसे हल करने के बजाय इसे हमारी संवाद और मार्केटिंग टीमों को भेजते हैं। क्या यह अच्छी सोच है?* हां, शिकायत भेजना सही रास्ता है।

## सावधानी।

**जिम्मेदारी से पोस्टिंग करना।** *आप हमारे द्वारा हाल ही में पेश किए गए एक नए उत्पाद के बारे में उत्साहित हैं और इसके बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करना चाहते हैं। यहाँ कोई समस्या नहीं, है ना?* शायद नहीं। बस कंपनी द्वारा अनुमोदित सामग्रियों का उपयोग करना सुनिश्चित करें क्योंकि संवाद टीम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करती है कि हम अपने उत्पादों के बारे में जो कहते हैं वह सत्य हो। आपको "कंपनी से अपने संबंध का खुलासा" भी करना चाहिए, जो यह कहने का एक शानदार तरीका है, उन्हें बताएं कि आप यहां काम करते हैं। जब संदेह में हों कि क्या आपको कंपनी की ओर से बोलना चाहिए, तो मदद के लिए संवाद टीम से संपर्क करें।



## गलत तरीका।

**अनुचित जानकारी साझा करना।** *एक नए उत्पाद के लॉन्च की अफवाह के बारे में मीडिया द्वारा आपसे संपर्क किया जा रहा है। आपने इसके बारे में सुना है और आपको यह विश्वास है कि जो आप जानते हैं उसे साझा करने से हम अच्छे बनेंगे। क्या यह सही है?* नहीं यह गलत है। मीडिया से बात करने का काम पेशेवरों पर छोड़ना सबसे अच्छा है। हमारी संवाद टीम जानती है कि जानकारी साझा करना - कब उचित है - और कब नहीं। अफवाहें गलत हो सकती हैं या उन्हें अंदरूनी जानकारी भी माना जा सकता है।



## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### कोई और सोशल मीडिया सुझाव?

- याद रखें कि उत्पीड़न या भेदभाव करने वाले पोस्ट हमेशा गलत होते हैं।
- आप जो पोस्ट करते हैं उसकी जिम्मेदारी लें - लोगों को बताएं कि आपके शब्द आपके अपने हैं।
- संवाद टीम से पूर्व अनुमति के बिना Tenneco के लोगो और इमेज को न बदलें।
- अनुबंध या समझौतों जैसे आधिकारिक कंपनी व्यवसाय के लिए कभी भी सोशल मीडिया या ऐप का उपयोग न करें।

## गैरेज

# मानव अधिकारों की रक्षा करना

## लक्ष्य

हम हर जगह निष्पक्ष रोजगार नियमों के साथ काम करते हैं और एक टीम के रूप में एक-दूसरे की देखभाल करते हैं।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

फ्रंट कार्यालय से हमारी निर्माण लाइनों तक, हम हर जगह, हर किसी के मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने को प्राथमिकता देते हैं।

मानवाधिकारों की रक्षा में, हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नैतिक रूप से व्यापार करने तक सीमित नहीं है - यह लोगों के साथ शालीनता, समानता, गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करने की प्रतिबद्धता भी है। हम जिन कंपनियों के साथ काम करते हैं उनसे भी ऐसा ही करने की उम्मीद करते हैं।

इस सब में आपकी क्या भूमिका है? यह सरल है - कानून का पालन करें, सतर्क रहें और यदि आपको ऐसा कुछ दिखाई देता है जो मानवाधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उल्लंघन करता है तो आवाज उठाएँ। आप यह देखने के लिए पहली पंक्ति में हैं कि हमारे कार्यस्थल में दूसरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। और हमें लोगों को पहले रखने के हमारे मिशन को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सफल होने के लिए सभी के पास वे संसाधन हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता है, आपकी - आपके समय, प्रतिभा और ऊर्जा की ज़रूरत है।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**सुरक्षा अभ्यास।** *आप हमारे विक्रेता के कार्यस्थल पर एक अनुचित रूप से स्थापित मशीन गार्ड के साथ-साथ आपातकालीन निकास द्वार पर जंजीरों को लगा देखते हैं। आप नहीं चाहते कि किसी को चोट लगे, इसलिए आप ऑनसाइट प्रबंधक को तुरंत इसकी रिपोर्ट करते हैं। चतुरता पूर्ण सोच?* हां बिल्कुल। हम सभी के पास सुरक्षित परिस्थिति में काम करने का अधिकार है। आवाज उठाकर, आप मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए अपना काम कर रहे हैं और जिनके साथ हम काम करते हैं उनके लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के एक आदर्श के रूप में काम करते हैं।

**अपनी उचित जांच-पड़ताल करना।** *आप एक अपरिचित आपूर्तिकर्ता से कई विंडशील्ड की खरीद पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने आपको बताया है कि उत्पाद पूरी तरह से कांच से बना है, हालांकि, आप एक अन्य सामग्री से बने रिफलेक्टिव कोटिंग को नोटिस करते हैं। कुछ जांच के बाद, आपको पता चलता है कि वह टिन की कोटिंग है, टिन जो कि संघर्ष उत्पन्न करने वाला एक खनिज है। आप आपूर्तिकर्ता से संपर्क करते हैं और उन्हें टिन की उत्पत्ति के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए कहते हैं। क्या यह सही विकल्प था?* हां यह था। टिन, टैंटलम, टंगस्टन और सोने का संदर्भ आने पर हमें अपनी आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी अनदेखी के बारे में सावधान होना होगा। इन्हें संघर्ष खनिज कहा जाता है क्योंकि इन खनिजों के खनन और उत्पादन में अक्सर मानव अधिकारों की अनदेखी की जाती है। आपूर्तिकर्ता से बात करें, हमारी नीति देखें और यह पुष्टि करने के लिए संघर्ष खनिज टीम से संपर्क करें कि क्या टिन किसी संघर्ष में सम्मिलित देश से आता है। यदि ऐसा होता है, तो आपूर्तिकर्ता से तुरंत अलग हो जायें।

## सावधानी।

**टीम के सदस्य के अधिकारों की रक्षा करना।** *आप एक संभावित आपूर्तिकर्ता के पास जा रहे हैं और देखते हैं कि उनकी आपूर्ति श्रृंखला टीम के बहुत से सदस्य कम उम्र के लग रहे हैं। आप अपने बॉस और आपूर्ति श्रृंखला टीम को सूचित करते हैं। क्या यह सही फैसला था?* हाँ। Tenneco में, हम संभावित मानवाधिकारों के हनन की खोज में रहते हैं और यदि हमें कभी-भी कुछ संदिग्ध दिखाई देता है तो हम आवाज उठाते हैं। बस जांच पूरी होने तक उन्हें संभावित आपूर्तिकर्ताओं की अपनी सूची से हटाना भी सुनिश्चित करें।

**उचित भुगतान प्राप्त करना।** *आपका विक्रेता समय से पीछे है और अपनी टीम के सदस्यों को सप्ताहांत में काम करने के लिए कहता है। विक्रेता उन्हें ओवरटाइम का भुगतान नहीं करेगा जिससे कि आपकी लागत में वृद्धि न हो और आप अपने बजट के अनुसार हों। क्या यह ठीक होगा?* हो सकता है। यदि टीम के सदस्यों को प्रति घंटा भुगतान किया जाता है, तो वे कानूनी रूप से ओवरटाइम के हकदार हो सकते हैं। विक्रेता को उस ओवरटाइम का भुगतान करना चाहिए, तब भी जब वह आपसे बढ़ी लागत ना लें। हम उन कंपनियों के साथ काम नहीं करना चाहते हैं जो अपनी टीम के सदस्यों के साथ अनुचित व्यवहार करती हैं। अपने प्रबंधक के साथ बात करें और चर्चा करें कि क्या कोई अन्य स्थान इस विक्रेता का उपयोग कर रहे हैं। और कार्रवाई की आवश्यकता हो सकती है।

## गलत तरीका।

**बुरे व्यवहार को अनदेखा करना।** *आप महिलाओं और अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करने वाले हमारे एक विक्रेता के बारे में सोशल मीडिया पर एक कहानी देखते हैं। चूंकि Tenneco इसमें शामिल नहीं है, इसलिए आप इसे अनदेखा करते हैं। क्या इसमें कोई मुद्दा है?* हां। हमारे विक्रेता हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं। हम उन्हें अपने व्यापारिक साझेदार के रूप में चुनते हैं और यदि वे अनैतिक रूप से कार्य करते हैं, तो उनके साथ हमारे संबंधों से यह माना जा सकता है कि हम उनके बुरे व्यवहार का समर्थन करते हैं। लेकिन हम ऐसा नहीं करते हैं। हम हमेशा ईमानदारी के साथ काम करते हैं। यदि कुछ अनुचित या गैर-कानूनी होने का संकेत भी है, तो तुरंत आवाज उठाएँ ताकि संबंधों का सही लोगों द्वारा पुनर्मूल्यांकन किया जा सके।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### अन्य पक्षों के साथ काम करते समय मुझे क्या देखना चाहिए?

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे साथ, हमारे लिए और हमारी ओर से काम करने वाला हर कोई:

- विविधता और समावेश को बढ़ावा दे।
- उचित मजदूरी का भुगतान करे।
- काम करने की सुरक्षित स्थिति सुनिश्चित करे।
- सभी के साथ समान व्यवहार करे।
- श्रमिकों को शारीरिक दंड और मजबूर श्रम से बचाए।
- बाल श्रम और मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई करे।
- हमारे बुनियादी मूल्यों और कानून का सम्मान करे - कभी भी पैसे बचाने के लिए समझौता न करे।

## गैरेज

आपूर्तिकर्ता आचार संहिता
मानवाधिकार वक्तव्य

# पर्यावरण की रक्षा करना

## लक्ष्य

यह समझना कि हम "कैसे" करते हैं, हमारी सफलता के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हम "क्या" करते हैं।


## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसका मतलब है कि हम पृथ्वी की रक्षा करते हैं, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हैं और प्रदूषण को रोकते हैं।

परिचालन को बेहतर बनाने, सामग्रियों को रीसायकल करने और ग्राहकों द्वारा हमारे उत्पादों और सेवाओं की खरीदारी करते समय अधिक टिकाऊ विकल्प बनाने में ग्राहकों की मदद करने के तरीकों की हमेशा तलाश के द्वारा हम इसमें योगदान देते हैं।

### नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**अपनी ऊर्जा की खपत को कम करना।** *आप एक ऐसे तरीके की पहचान करते हैं जिससे संयंत्र में हम अपनी ऊर्जा की 40% खपत कम कर सकते हैं। यह आपकी नौकरी के दायित्व का हिस्सा नहीं है, लेकिन आप इसका उल्लेख अपने बॉस से करते हैं। अच्छा विचार?* बेशक! हम हमेशा उस जमीन की देखभाल करने की कोशिश करते हैं जो हमारी देखभाल करती है। यदि आपको प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने या अपशिष्ट या उत्सर्जन को कम करने का एक तरीका मिल गया है तो - बतायें।



### सावधानी।

**छोटी चीजों पर ध्यान देना।** *लाइन पर हाल के बदलाव से गुणवत्ता में वृद्धि हुई है लेकिन स्क्रैप में भी 200% की वृद्धि हुई है। क्या इसमें कोई समस्या है?* समय के साथ, हाँ। संयंत्र में सही लोगों से संवाद करें ताकि वे यह निर्धारित कर सकें कि स्क्रैप की मात्रा क्यों बढ़ गई है और इसे कम करने या रीसायकल करने के तरीकों की पहचान करें।

**हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला में सभी उत्पादों के पर्यावरणीय मानकों को पूरा करते हैं या उनसे अधिक करते हैं।**



## गलत तरीका।

**संभावित खतरों को अनदेखा करना।** *आप देखते हैं कि हमारे एक भंडारण कंटेनर में से एक हानिकारक तरल पदार्थ रिस रहा है। कुछ कहने के बजाय, आप बस इसके लिए एक दूसरे कंटेनर का उपयोग करते हैं। क्या यह सही विकल्प है?* नहीं। आपको बोलना चाहिए था। ऐसा करके इसका फैलना और इससे जुड़े पर्यावरणीय नुकसान को रोका जा सकता था।

### रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

**प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सुझाव:**

- जल संसाधनों का संरक्षण करें।
- कूड़ा कम करें।
- ऊर्जा की बचत करें।
- पैकेजिंग कम करें।
- जिम्मेदारी से संसाधनों का प्रयोग करें।

## गैरेज

# समुदाय को वापस देना

## लक्ष्य

हमारे आसपास के समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालना।

## हम उस लक्ष्य पर कैसे पहुंचे

हम में से प्रत्येक के पास कुछ अलग करने की शक्ति है। उन्हें हमेशा ध्यान में रखते हुए हमआपको समुदाय को उन तरीकों से वापस देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो आपके लिए व्यक्तिगत रूप से सार्थक हैं।

यह भी याद रखें कि जब हम एक कंपनी के रूप में हमारे समय, प्रतिभा और संसाधनों को एक साथ जोड़ते हैं, तो हम आगे बढ़ सकते हैं। अनुदान एकत्र करके और स्वयं सेवा के माध्यम से, हम बेहतरी के लिए उन समुदायों को बदल सकते हैं जहां हम रहते हैं और काम करते हैं।

## नैतिक व्यवहार का आदर्श मॉडल।

**एक उत्प्रेरक बनें।** *आप एक स्थानीय समुदायिक संगठन के लिए धन जुटाना चाहते हैं जो विविधता पहल का समर्थन करता है, इसलिए आप अपने प्रबंधक के साथ अनुदान एकत्र करने और स्वयं सेवा दिवस आयोजित करने के लिए बात करते हैं। क्या यह सही विकल्प है?* बिल्कुल। हम समावेशन और विविधता को बढ़ावा देते हैं और यह ऐसा करने का एक तरीका है। यदि आप काम से बाहर स्वयंसेवक हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपकी भागीदारी आपकी नौकरी को नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं करेगी या किसी टकराव का कारण नहीं बनेगी। अपने प्रबंधक के साथ पहले ही बात कर लेना ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है।



## सावधानी।

**पहले पूछना।** *एक ग्राहक आपसे एक ऐसे उद्देश्य के लिए एक धर्मार्थ दान के लिए कहता है जिसका वे समर्थन करते हैं। आप समुदाय का समर्थन करना चाहते हैं और ग्राहक के साथ अपने संबंध को बेहतर बनाना चाहते हैं। क्या यह ठीक है?* हो सकता है। सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधक या मानव संसाधन में किसी से बात करें। हालांकि हम अपने समुदायों का समर्थन करना चाहते हैं, पर यह सुनिश्चित करने के लिए दान की जांच करने की आवश्यकता है कि यह उचित और ईमानदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। आपके लिए विश्वास करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन कभी-कभी दान का उपयोग किकबैक या रिश्वत देने के लिए किया जाता है।

## गलत तरीका।

**व्यक्तिगत चीजों के साथ व्यापार का मिश्रण।** *आप एक व्यक्तिगत धर्मार्थ गतिविधि में शामिल हैं और हमारे कुछ आपूर्तिकर्ताओं से उसमें योगदान करने का अनुरोध करने के लिए Tenneco के लेटरहेड का उपयोग करना चाहते हैं। क्या यह ठीक है?* नहीं। Tenneco के लेटरहेड का उपयोग करने से पहले आपको अनुमति लेनी होगी। संवाद टीम के साथ पहल पर चर्चा करें और समझें कि हितों के संभावित टकराव - या कम से कम उसकी उपस्थिति से बचने के लिए Tenneco, व्यक्तिगत धर्मार्थ गतिविधियों के लिए हमारे आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध करने में आपसे कैसे संलग्न होगा। आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे संबंध केवल व्यापार पर आधारित होने चाहिए।

## रास्ता दिखायें (आपके लाइसेंस को बनाए रखने के लिए सुझाव)

### प्रतिदान (वापस देने) के सुझाव:

हमारी टीम के कई सदस्यों की व्यक्तिगत धर्मार्थ प्रतिबद्धताओं, के साथ-साथ हमने कुछ प्रतिबद्धताएं एक टीम के रूप में की हैं जिन पर हमें गर्व है।

- कंपनी द्वारा दान के समर्थन के अन्य अवसरों के मूल्यांकन के लिए संवाद टीम या मानव संसाधन से संपर्क करें।

## गैरेज

# अपना लाइसेंस प्राप्त करना

यहां वह जानकारी है - जो आपको अपना ***Tenneco पर काम करने का लाइसेंस*** प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। री संहिता को पढ़ने के लिए समय निकालने और हमारी निरंतर सफलता का समर्थन करने के लिए आप जो कुछ करते हैं उसके लिए आपका धन्यवाद। जब आपके पास विचार, प्रश्न और कोई मुद्दा हो तो उसको बताने के लिए आपका धन्यवाद।

हमारी संहिता को समझना Tenneco के साथ लंबी दूरी तक चलने की कुंजी है। यह हमारे उद्देश्य और बुनियादि के लिए ऊर्जा देती है और हमारे परम लक्ष्य: हमेशा ईमानदारी के साथ व्यापार का संचालन करने का मार्गदर्शन देता है।

यदि आप तैयार हैं, मतलब आपने इसे पढ़ा है, समझा है और संहिता का पालन करेंगे तो, नीचे अपना नाम लिखें:

हस्ताक्षर: ____________________________________________

तिथि:____________________________________________

अब आप ***Tenneco में संचालन करने के लिए लाइसेंस प्राप्त*** हैं। कृपया इस हस्ताक्षरित पेज को अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि को दें।

संचालन के लिए लाइसेंस पर TENNECO

यदि आप निम्न का उल्लंघन देखें या इसका संदेह हो:
- हमारे बुनियादी मूल्य या संहिता
- हमारी नीतियां और प्रक्रियायें
- कोई कानून या नियम

आप टोल-फ्री
Tenneco हॉटलाइन 24/7

ऊपर अपना स्थानीय हॉटलाइन नंबर लिखें।
पर कॉल कर सकते हैं या https://secure.ethicspoint.com/domain/media/en/gui/29312/index.html

सभी कॉलों को स्थानीय कानूनों के अनुसार गोपनीय माना जाएगा।

वॉलेट कार्ड का प्रिंट आउट निकालें, आकार के अनुसार काटें और बिंदीदार रेखा पर मोड़ें।

याद रखें "सही काम सही तरीके से करें।"

यदि आप किसी नैतिक समस्या या गलत काम के बारे में जानते हैं, तो Tenneco टीम के एक सदस्य के रूप में इसकी रिपोर्ट करना आपकी जिम्मेदारी है। अपनी बात रखें!

संचालन के लिए लाइसेंस पर TENNECO